संसेक्स 77,337.59 +36.45
डॉलर 83.425 +0.058
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,810
01 किलो 89,720

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





पीएम कल जाएंगे जम्मू कश्मीर, 21 को योग दिवस...


ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 20 जून 2024, वर्ष-30, अंक-242, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com







## एक नजर

### झारखंड में मानसून का प्रवेश 22 को

**रांची।** राज्य का मौसम करवट ले रहा है। राज्य में 22 जून को मानसून की इंट्री होने की संभावना है। ऐसे में लंबे समय से गर्मी झेल रहे राज्यवासियों को इससे राहत मिलने वाली है। मानसून के झारखंड में प्रवेश करने से पहले ही मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में बारिश-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही, उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि गुरुवार को झारखंड में कुछ जगहों पर गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है। इस दौरान वर्षा भी होगी। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। राज्य के उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

### कार्यपालक अभियंता का किया घेराव, नियम विरुद्ध टेंडर पेपर बेचने का आरोप

# भवन निर्माण विभाग में संवेदकों ने आधा घंटा जमकर बवाल काटा

- **नियम, कानून को ताक पर रख कर टेंडर पेपर की बिक्री : संवेदक**
- **नियम संगत तरीके से पेपर बेचा गया : कार्यपालक अभियंता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर डालने को लेकर बुधवार को संवेदकों ने जमकर बवाल काटा। संवेदकों ने भवन निर्माण विभाग के कार्यालय में लगभग ढ़ाई घंटा तक विभागीय मनमानी के विरूद्ध जमकर हंगामा किया। संवेदकों ने विभाग के कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम को आधा घंटा तक उनके कार्यालय में बंधक बना दिया। संवेदकों का अरोप था कि कार्यपालक अभियंता मंगलवार को अपने कार्यलय में नहीं थे। साथ ही उनका मोबाइल भी बंद था। टेंडर पेपर बेचने के लिए भवन निर्माण विभाग में फोर्थ ग्रेड का कर्मचारी के अलावा एक भी अधिकारी मौजूद नहीं थे। इसे लेकर टेंडर पेपर खरीदने आए संवदकों ने मंगलवार को भी हंगामा किया था। संवेदकों का कहना है कि जब मंगलवार को एक बजे तक भवन निर्माण विभाग या एसपी ऑफिस में कोई पेपर नहीं बिका तो बुधवार को पेपर जमा कैसे होने लगा। हंगामा इतनी बढ़ गया कि बाद में विभाग को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस के आने के बाद कार्यपाल अभियंता महेंद्र राम अपने गाड़ी में बैठकर ऑफिस से निकल पाएं। बाद में दर्जनों संवेदकों ने संयुक्त रूप से उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंप कर पूरे मामले की जांच कर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। बता दें कि भवन निर्माण विभाग द्वारा रविवार को तीन महीने पुराने वितीय वर्ष 2023-24 की निविदा आमंत्रित करते हुए रि-टेंडर डालने को लेकर विज्ञापन निकाली गई थी। सोमवार को बकरीद की छुट्टी था। मंगलवार को निविदा टेंडर का पेपर खरीदने के शेष पृष्ठ 11 पर



# शराब के नशे में धूत आईआरबी जवानों ने ग्रामीणों को पीटा

**नवीन मेल संवाददता**



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित सुदूर इलाका पंचायत डगरा अंतरकला पिकेट में स्थापित आईआरबी के जवानों ने ग्रामीणों को गेट के अंदर कर बेरहमी से मारा जिसमें एक युवा बुरी तरह से जख्मी होकर गिर गया। मामला सोमवार की है। ग्रामीण मजदूर के संज्ञान तौर से पूछताछ करने पर यह पता चला कि दो वर्ष पहले से डगरा पंचायत में पांच पुल का निर्माण में ठिकेदार मनोज सिंह के टेंडर में पुल में काम करवाया जा रहा था। ग्रामीण मजदूर 95 हजार रूपए का काम किया था। जिसमें ठिकेदार मनोज सिंह ने हिसाब कर 65 हजार रूपए चूकती कर दिया था। बाकी के बकाया राशि 30 हजार बिना चूकती किए बगैर अपना काम समाप्त कर अपना पूरा सामान लेकर सोमवार रात्रि के 10 बजे अपने घर जा रहे थे। उसी बीच डगरा पिकेट प्रभारी बद्री नाथ प्रसाद सिंह ने फोन कर इस बात की सूचना दिए। ओपी के गेट के ठीक सामने पहुंचते ही। ड्यूटी पर तैनात आईआरबी के जवान ने अचानक टॉर्च दिखाकर गाड़ी को रोक लिया। गेट का अंदर करवा लिया। उसी बीच ओपी के ग्राउंड में शराब पीकर घूम रहे आईआरबी के 10 जवानों ने अचानक से कब्जा में कर अभद्र व्यवहार गली गलौज करते हुए। 4 चार ग्रामीण मजदूरों को बेरहमी से मारपीट करना शुरू कर दिया। एक ग्रामीण युवा को सिर पे चोट लगने से सिर फट गया। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार दिवेदी ने बताया कि मामला की जांच की जा रही है।

## आज | कल




### प्रधानमंत्री ने बिहार के राजगीर में किया नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन

# नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है : नरेंद्र मोदी

**पीएम ने कहा, आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का यह परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां पर अध्ययन करने के लिए आते थे। शेष पृष्ठ 11 पर



### झारखंड कैबिनेट में 33 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# राज्य सरकार कराएगी जातिगत सर्वेक्षण

**- विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ा, रिटायर्ड कर्मचारियों को भी मिलेगा प्रमोशन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार ने मास्टर स्ट्रोक खेला है। जातिगत सर्वेक्षण को चंपाई कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को पत्रकारों बताया कि कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं, पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिह्न दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिह्न दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई। राज्य के विधायकों, सचेतकों, अधिकारियों के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैबिनेट में कुल 33 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। कार्मिक विभाग अब जाति सर्वेक्षण कराएगा। कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनाल्टी माफी के प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके विरुद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इसमें रोड टैक्स 763 करोड़ ओर पेनाल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा पेनाल्टी या 50 प्रतिशत देना होगा।

**सचेतक का वेतन भत्ता :** मुख्य सचेतक को शेष पृष्ठ 11 पर



## इंडिया



**सुनील बादल**

**पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं। हमने अपने जल स्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है। ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है।**

# अतिप्रचार से व्यवसाय बनता पेयजल कहीं संकट न बन जाए

भारतीय परंपरा रही है कि कोई भी घर या कार्यस्थल पर आए तो उसे सबसे पहले पीने का पानी दिया जाता था । पानी को प्रतिष्ठा मयार्दा से जोड़कर देखा जाता रहा है कहावत भी है बिन पानी सब सून ।आज वही पानी खरीद कर पिया जा रहा है ।कभी एक समय था जब नदी नालों का बहता पानी कोई भी पी सकता था पर जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती गई उसकी गंदगी और प्रदूषण से पेयजल एक समस्या बन गई और पानी एक बड़ा व्यापार ।भारत में सदियों से प्रायः सभी धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर प्राचीन साहित्य में मीठे जल या जलाशय की चर्चा अवश्य होती है। दुनिया में ऐसी नदियां, झीलें हैं जिनका पानी मीठा होता है। भारत के हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ नदियां-झीलें अभी भी बची हैं जिनका जल सीधे पिया जा सकता है अन्यथा शुद्ध पेयजल आज के दिन अरबों का व्यवसाय बन चुका है । घरों में आनेवाले नल के पानी को पीने वाले लोग अब गिनती के बचे हैं । घर घर आरओ और क्या क्या लोग लगवा रहे हैं या जार का पानी पी रहे हैं। पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं । हमने अपने जल स्त्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है । ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है। इस झील का नाम 'बैकाल झील' है। दुनिया में सबसे मीठे पानी वाली ये बैकाल झील रूस में मौजूद है। बैकाल झील पूरी दुनिया में सिर्फ मीठे पानी वाली झील ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे पुरानी और गहरी झील की पहचान से भी जानी जाती है। बैकाल लेक रुस के दक्षिणी साइबेरिया में स्थित है, जिसमें दुनिया का लगभग 20% मीठा पानी है। पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती है कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है तो भला कमी कैसे होगी। यहां ये जानना जरूरी है कि मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पांच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियां सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके हैं। कुएं, कुंड और बावडियों का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा है। हालत सचमुच चिंताजनक है- आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। पूरी दुनिया को आंकने वाले नासा के सेटेलाइट के आंकड़ें बताते हैं कि अब भी चेतो और पानी को बचा लो। झरने, दलदल, झीलें और गहरे पानी के जलभृत सभी ताजे पानी के स्त्रोत हैं जिनकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता है। ताजे पानी पर हम भरोसा करते हैं, वह जानवरों और पौधों की एक अद्भुत श्रृंखला के लिए भी आवश्यक है। कछुए, मछली, ड्रैगनफलीज, मेंढक, क्रेफि श, ऑर्किड, ऊदबिलाव और अनगिनत अन्य - खाद्य जल के ऊपर से नीचे तक। भूजल निकाला जाता है और उसका उपयोग अनियमित रूप से किया जाता है तो आर्द्रभूमि नष्ट और खराब हो जाती हैं औद्योगिक शोषण जैसे जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण, कृषि, खनन , कटाई, चराई , फैक्ट्री फार्म और फार्मास्यूटिकल्स पानी की गुणवत्ता को बर्बाद कर देते हैं इन खतरों का सामना करते हुए, और इस तथ्य से कि हमारे ग्रह का केवल 2.5 प्रतिशत पानी ताजा है (और उसमें से अधिकांश ग्लेशियरों में बंद है), इस जीवन देने वाले संसाधन की सुरक्षा अधिक जरूरी नहीं हो सकती है। जैयरे और कनाडा के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा पानी भारत में है। अभी भी समय है कि हम चेतें और अपने पानी के स्त्रोतों को अक्षय ही बनाए रखें। एक सदी पहले हम देशी तरीके से पानी का ज्यादा बेहतर संरक्षण करते थे। लेकिन नई जीवनशैली के नाम पर हम उन सब बातों को भूल गये। हम भूल गये कि कुछ ही दशक पहले तक हमारी नदियों में कल-कल करके शुद्ध जल बहता था। अब ऐसा नहीं रहा। तथाकथित विकास की दौड़ में शुद्ध पानी और इसके स्रोत प्रदूषित होते चले गये। अनियंत्रित और नासमझी से भरे विकास ने नदियों को प्रदूषित और विषाक्त कर दिया।दूसरी तरफ शुद्ध पेयजल यानी आरओ का पानी और बोतलबंद पानी का इतना प्रचार हुआ कि यह बहुत बड़ा व्यवसाय बन गया है और वंचित वर्ग के लिए संकट भी क्योंकि पानी खरीद कर पीना सभी के बस की बात नहीं । यह सही है कि ज्यादातर बीमारियां प्रदूषित जल से ही होती हैं पर सभी जल प्रदूषित भी नहीं होते ।शुद्ध पेयजल के नाम पर बहुत बड़ी ग्रामीण आबादी भी अब जार वाले पेयजल की मांग कर रही है जिससे चापाकल जैसे पारंपरिक साधन की उपेक्षा हो रही है।



# जहां कभी नक्सलियों के बंदूकों की गूंज सुनाई पड़ती थी, अब प्राकृतिक मधु का हब बना

- **हेनार मधु से लातेहार की बदली तस्वीर**
- **पलामू टाइगर रिजर्व के मारोमार में है प्रोसेसिंग प्लांट**
- **मधु का टेस्ट फूल की सुगंध जैसी प्राकृतिक**

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** नक्सल प्रभावित पलामू प्रमंडल में इन दिनों कई बदलाव देखने को मिल रहा है। यह प्रमंडल को अलग व नई पहचान दिला रही है। लातेहार जिला के कोर एरिया में हेनार हनी समिति मधु तैयार करने में जुटा है, जो शुद्ध व लाभकारी साबित हो रहा है। मारोमार प्रोसेसिंग प्लांट के माध्यम से मधु तैयार करने का काम अब त्रुटि रहित हो रहा है, जो आम पर्यटकों को अभिजात वर्ग की पहली पसंद बन कर उभर रही है। मई महीने से कलेक्शन का काम शुरू हो गया है। मनिका, सरयू, मारोमार की जंगल से साल, आसन, कुसुम व नाशपाती के फूल से हेनार मधु तैयार किया जाता है। मधुमक्खी जंगल में साल, आसन, कुसुम, व नाशपाति के फूलों से पराग को लेती है और मधु तैयार करती है। यह मधु काफी स्वादिष्ट होता है। रेंजर तरुण कुमार बताते हैं कि इससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुधरी है। लोग इस काम में ईमानदारी से जुटे हैं। एक सीजन में 20 क्विंटल मधु तैयार किया जाता है। बीते सत्र में करीब दो टन, मधु की बिक्री हुई है। इस मधु की मांग पूरे देश भर में है। जहां स्वयं सहायता समूह से जुड़े ग्रामीण किसान जनेश्वर, नरेन्द्र समेत कई प्रोसेसिंग यूनिट में अपनी सेवा दे रहे हैं। जिससे इलाके की पहचान हेनार मधु क्षेत्र के रूप में हुई है। जहां कभी नक्सलियों के बंदूकों की गूंज सुनाई पड़ती थी। अब इलाके में बदलाव देखने को मिल रहा है, जो प्राकृतिक मधु का हब बन गया है। मधु का सुगंध जंगल के पेड़ के फूलों की सुगंध जैसी प्राकृतिक है। मधु उत्पादन में हेनार इलाके के करीब 25 परिवार लगे हैं। यह पूरा कार्य पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन की देख-रेख में होता है। रेंजर तरुण कुमार ने बताया कि एक किलोग्राम मधु की कीमत 550 रुपये है। यह 250 ग्राम व 500 ग्राम के पैक में उपलब्ध है। वे बताते हैं कि यहां से निर्मित मधु के लिए बजार खोजने की जरूरत नहीं पड़ती है। अब इसके खरीददार स्वयं इसे खरीद रहे हैं। 2005 से हेनार में मधु तैयार कर बिक्री का काम चल रहा है।




**मनिका, सरयू, मारोमार की जंगल से साल, आसन, कुसुम व नाशपाती के फूल से हेनार मधु तैयार किया जाता है। मधुमक्खी जंगल में साल, आसन, कुसुम, व नाशपाति के फूलों से पराग को लेती है और मधु तैयार करती है।**



खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना
प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588


## एक नजर

### युवक का निधन

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के पिपरघाट निवासी स्वर्गीय रामलगन प्रसाद का 42 वर्षीय पुत्र मंजय कुमार का बुधवार को निधन हो गया। परिजनों के अनुसार अत्यधिक गर्मी व लू के कारण दो दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन व पूर्व उप प्रमुख कृष्ण प्रसाद, बिंदेश्वरी मेहता, महादेव विश्वकर्मा, भिखारी मेहता, शम्भू यादव सहित कई लोगों ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### खूंटीसोत नदी घाट पर शमशान शेड, चबूतरा निर्माण की मांग

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 16 स्थित खुंटीसोत नदी के शमशान घाट पर शेड व चार स्तंभ सहित एक चबूतरा निर्माण करने की मांग निवर्तमान पार्षद पूनम देवी ने की है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी दानिस हुसैन को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में पूनम देवी ने कहा है कि शेड नही होने के कारण हर मौसम में दाह संस्कार करने में आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए घाट पर शमशान शेड व चार स्तंभ के साथ एक चबूतरे का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन से आग्रह किया है कि जनभावना का ख्याल रखते हुए इस सार्वजनिक कार्य को यथाशीघ्र कराएं।

### अवैध गिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त

**पाटन।** नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बुधवार को गिट्टी लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के मालिक के उपर कार्रवाई की जाएगी।

### खराब चापानल की सूची पीएचडी विभाग को सौंपी

**पाटन।** पाटन में पानी की समस्या को देखते हुए बीडीओ अमित कुमार ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में खराब सरकारी चापानल मरम्मत कराने की सूची पीएचईडी विभाग को सौंपी है। यह जानकारी जीपीएस अहमद हुसैन ने दी।

# अधजला अधेड़ का शव बरामद ईंट भट्ठा मजदूर होने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के गुरियादामर जंगल के चरमोरवा ढोडहा से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। शव अर्धनग्न व अधजला अवस्था में फेंका मिला है। बुधवार की सुबह जंगल की ओर जा रही महिलाओं ने एक झाड़ी के पास शव देखने पर हल्ला मचना शुरू किया। उसके बाद शव देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने थाना पुलिस को जंगल में शव होने की सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। आसपास के ग्रामीणों द्वारा शव की पहचान करने का प्रयास किया गया। लेकिन शव की पहचान नहीं हे पाई है। ग्रामीणों की माने तो मंगलवार की संध्या तक वहां पर कुछ भी नहीं था। किसी ने देर रात या बुधवार की सुबह ही शव को लाकर फेंका दिया होगा। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति कोई ईंट भट्ठा का मजदूर था। एएसआई अजय कुमार यादव ने बताया कि प्रथम द्दष्टया शव किसी ईंट भट्ठे के मजदूर का प्रतीत होता है। जलने के कारण इसकी मृत्यु हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि जलने की वजह से एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेजा जा रहा है। विभिन्न स्रोतों से शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।



## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**हरिहरगंज।** अपराध नियंत्रण को लेकर हरिहरगंज पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार को पुलिस टीम ने क्षेत्र में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ ही बैंक अफसरों को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। पुलिस सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार गुप्ता ने पुलिस बल के साथ स्टेट बैंक, केनरा बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक हरिहरगंज व ढाब शाखा का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। बैंक परिसरों में सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया. सभी बैंक शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में मिले। शाखा प्रबंधकों को सुरक्षा के मद्देनजर बैंक अलार्म भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान शाखा प्रबंधक अमन कुमार जोशी, राहुल कतरियार, अनिल भगत आदि मौजूद थे।



## वाहन चेकिंग अभियान में 40 बाइक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर बुधवार को थाना के समीप एनएच 139 पर अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहनों की कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गयी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने के विरुद्ध 40 बाइक को जब्त कर पुलिस अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने एनएच से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर चलने की अपील की। वाहन जांच अभियान में एसआई सुधांशु शेखर झा समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।



## मुखिया प्रतिनिधि ने अन्नदाता वेलफेयर एंड डेवलपमेंट लिमिटेड ब्रांच का किया उद्घाटन



**पांकी।** प्रखंड के पकरीया पंचायत के टइया गांव में बुधवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिंटी वर्मा ने ई अन्नदाता वेलफेयर एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड ब्रांच का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद कहा कि उक्त ब्रांच के खुलने से यहां की किसानों को बेहद लाभ होगा। ब्रांच में किसानों को 50 प्रतिशत छूट पर खाद बीज एवं अन्य खाद्य सामग्री प्रदान किया जाएगा। वहीं बीमा समेत कृषि संबंधित अन्य सुविधाएं भी काफी कम दर पर प्रदान की जाएगी जो बेहद हर्ष की बात है। ई अन्नदाता वेलफेयर एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड के प्रोपराइटर मोहम्मद जावेद ने बताया कि किसानों को सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त केंद्र का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम दर पर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य शाह खालिद, समाजसेवी महबूब आलम, रामबली सिंह वार्ड सदस्य, हसीब अंसारी, अमित शर्मा, मिथुन पासवान सहित दर्जनों उपस्थित थे।

## कार, एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर, चालक घायल



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के शनि मंदिर के समीप बुधवार को एनएच 139 पर स्विफ्ट डिजायर कार व एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक सह मालिक छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिला अंतर्गत दीपिका थाना क्षेत्र निवासी नीतीश कुमार शर्मा, एंबुलेंस चालक पंकज कुमार जख्मी हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। दोनों घायलों का इलाज कराया गया। घायलों के अनुसार कार मालिक छत्तीसगढ़ से औरंगाबाद जिला अंतर्गत ऐरका गांव जा रहे थे। एंबुलेंस चालक एक मरीज को पटना पहुंचाकर वापस गढ़वा लौट रहा था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना एसआई सतीश कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंच कर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटे प्रखंड कर्मी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में नीलांबर पीतांबरपुर मध्य विद्यालय मैदान में आगामी 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। योग समिति के साधक प्रखंड के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में जाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र बांटे रहे हैं। साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच अंतराष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता पर चर्चा कर उन्हें योग दिवस में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त प्रयास से विगत 15-20 वर्षों से निरन्तर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर किया जा रहा है। भारत स्वाभिमान के संरक्षक वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि नियमित योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को गंभीर बीमारियों से भी छुटकारा मिल रहा है। मौके पर पतंजलि के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप श्रीवास्तव,योग शिक्षक संतोष कुमार, अरविंद डिसिल्वा,मंजीत सोनी सहित कई साधक शामिल थे।

# रेल प्रशासन ने पकड़ा 12 हजार 500 बेटिकट यात्री


## रेलवे को करोड़ों का राजस्व

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** ट्रेनों में रेल प्रशासन की ओर से लगातार चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत मंगलवार की रात नौ बजे तक बिना टिकट, अनियमित यात्रा करने वाले 12 हजार 500 यात्रियों की धर पकड़ कर करोड़ों रुपये राजस्व वसूलने का कार्य किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने इस संबध में विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन दिनों पूर्व मध्य रेलवे के पांच रेल मंडलों के मुख्य स्टेशनों पर पैसेंजर व कई एक्सप्रेस ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अवैध रुप से वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध भी कार्रवाई किये जाने से उनके मंसूबे पर पानी फिर गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय व धनबाद रेल मंडल में भी एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टीटीई के साथ भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। इस अभियान में कई मेल एक्सप्रेस ट्रेनों, पटना-रांची जनशताब्दी, हावड़ा-मुंबई मेल, पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, जबलपुर हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, धनबाद एल्लेपी एक्सप्रेस, गया-हावड़ा एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों के वातानुकूलित कोचों की भी विशेष जांच की गई। इसमें कुल 450 बेटिकट, अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे जुर्माना के रूप में 3.15 लाख रुपये की वसूली की गई। साथ ही सभी पैसेंजर, मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जांच अभियान में कुल 12 हजार 500 बेटिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है। उनसे जुर्माना के रुप में 95.55 लाख की वसूली गई है। बता दें कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धर पकड़ के लिये रेल प्रशासन की ओर से निरंतर टिकट जांच की जा रही है। उन्होंने कहा है कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगी। उन्होंने पूर्व मध्य रेल यात्रियों से हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही करने की अपील की है।

## सर्वेश्वरी समूह ने मरीजों के बीच फल व सामग्री बांटे

**विश्रामपुर।** सर्वेश्वरी समूह विश्रामपुर शाखा ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाजरत मरीजों के बीच फल,पानी बोतल, हस्त पंखा का वितरण किया। इसके अलावा आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीजों को भी फल, खाद्य सामग्री दी गई। मरीजों के बीच वितरण विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। वितरण का संचालन कर रहे शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह का 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत मरीजों के बीच फल पानी व पंखा का हमेशा वितरण जाता रहा है। राजन पांडेय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह मानव सेवा के लिए हमेशा कार्य करता रहा है। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डा.राजेंद्र कुमार,डा. एमएन प्रसाद, डा. अरविंद कुमार,आश्रम के सदस्य विनय पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी, राजू पांडेय, डा. अनूप कुमार,अभय चंद्रवंशी, विनोद तिवारी,चंदन चंद्रवंशी सहित कई मौजूद थे।



## पहल

### पंचायत कार्यकारिणी की बैठक

# पेयजल सहित कई योजनाओं को कार्ययोजना में शामिल करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** कुराईन पतरा पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत कार्यकारिणी की मासिक बैठक मुखिया पूनम देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत के जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। खासकर पंचायत में पेयजल संबंधित समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही इसके समाधान पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। बैठक में पंचायत की महत्वपूर्ण योजनाओं को कार्ययोजना में शामिल करने सहित अन्य जनहित मुद्दों पर निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्यों ने अपना मासीक मानदेय अभी तक नही मिलने पर खेद जताया। प्रखंड के सक्षम पदाधिकारियों से बात करने के लिए मुखिया को अधिग्रहित किया। बैठक में पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक नागेंद्र मिश्रा, वार्ड सदस्य सकेंद्र सिंह, सुरेश सिंह,मनीता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, ममता देवी, गीता देवी सहित कई शामिल थे।



## मध्य विद्यालय में विषयगत व सामान्य ज्ञान आधारित लिखित क्विज प्रतियोगिता



**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत वर्ग आठ में विषयगत व सामान्य ज्ञान आधारित लिखित क्विज प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद व वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता द्वारा ली गई। परीक्षा में छह बच्चों ने प्रतियोगिता में बाजी मारी। अक्षय कुमार, शिवांश कुमार कश्यप प्रथम,जूली कुमारी प्राप्त अंको के आधार पर प्रथम, दीपक कुमार, अभिमन्यु कुमार द्वितीय, रवि किशन तृतीय स्थान प्राप्त। प्रतियोगिता का प्रमाणपत्र दिया गया।





## एक नजर

### छत से गिरकर युवती घायल, रिम्स रेफर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के अवधेश बिहारी सिंह की 15 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमार बुधवार की सुबह अपने घर की छत से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां पर डाक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खुखबू तीन तल्ले छत पर कुछ काम से गई थी। वहां पैर फिसलने के कारण तीसरी मंजिल से अचानक नीची गिर गई। बगल में पेंट कर रहे मजदूर ने उसे पहले गिरते देखा। उसके सिर के अंदरूनी हिस्से में चोट लगने के साथ दाहिना पैर में मोच आ गई है।

### 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हुसैनाबाद।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में योग शिक्षक डॉ. दयानंद जी और राज योग शिक्षिका प्रियंका दीदी के द्वारा एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान में किया जाएगा।जानकारी देते हुए ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके धीरज ने क्षेत्र के सभी नगर वासियों से अनुरोध किया है की सुबह 5:00 बजे से अधिक संख्या में योग स्थल पर पहुंचकर स्वास्थ्य का लाभ उठाने की अपील की है।

### चैनपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज

# पिस्टल का भय दिखाकर अपराधियों ने मोटरसाइकिल, मोबाइल और 15 सौ रुपये लूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के लोकेया नरसिंपुर पथरा निवासी हबीब अंसारी के 34 वर्षीय पुत्र हैदर अली का मोटरसाइकिल, 15 सौ व मोबाईल अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखा कर लूट कर फरार हो गए। घटना बुधवार की रात मंगरदाहा घाटी के पेट्रोल पंप के पास की है। इस संबंध में भुक्तभोगी चैनपुर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा कि बीती रात वह काम कर अपने घर वापस जा रहा था। इस बीच मंगरदाहा घाटी में पहले ही घात लगाए अपराधियों ने हाथ में डंडे के बल पर मोटरसाइकिल रोक दिया। मोटरसाइकिल रूकते ही एक ने पिस्टल व दूसरे ने चाकू निकाल कर जान से मारने की धमकी देते हुए पॉकेट रखे 15 सौ रूपए, मोबाइल, यामाहा कंपनी की काले रंग की मोटरसाइकिल लूट कर फरार हो गए। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मोटरसाइकिल, मोबाइल, 15 सौ लूट का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रयास कर रही है।

## बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरा कला गांव निवासी स्व. मल्लू चौधरी के पुत्र लालबाबू चौधरी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ झिरझिरिया जंगल से गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत के तहत जेल भेज दिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झिरझिरिया जंगल में एक युवक एक नाली बंदूक लेकर घूम रहा। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने तत्काल ही छापामारी दल का गठन कर झिरझिरिया जंगल पंहुची तब पुलिस देखते ही भागन लगा। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ने में सफल रही। खुरा पिकेट प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवक किस मकसद से बंदूक लेकर घूम रहा इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उसे हथियार कहां से मिला इस बात का भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छापामारी दल में नायक सूबेदार सुखदेव माली, हवलदार रघुवंश सिंह, सिपाही विकास कुमार पांडेय, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करमालुयस चरमाको, जेवियर खलखो, आलोक कुमार शामिल थे।



## आक्रोशित खाताधारी ने पोस्ट ऑफिस में ताला बंद किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस में बुधवार को खाताधारक जयप्रकाश सहित कई लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही डाकघर में ताला बंद कर दिया। मालूम हो कि जयप्रकाश का पोस्ट ऑफिस में रेकरिंग खाता है। जिसका भुगतान के लिए वह पिछले चार वर्षो से प्रयासरत है। परंतु ऑनलाइन लेजर तथा पासबुक की राशि एक समान नहीं रहने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। पोस्ट ऑफिस में ताला बंद के सूचना मिलने पर पुलिस सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार गुप्ता ने दलबल के साथ आकर ताला खुलवाया। इस संबंध में उप डाकपाल बिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उक्त खाता की राशि भुगतान के लिए प्रधान डाकघर से आग्रह किया गया है।

## चार खिलाड़ी 15 दिवसीय एथलेटिक्स कैंपस में भाग लेने लखनऊ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय खेल प्राधिकरण लखनउ में 20 जून से 5 जुलाई तक सरोजिनी नायडू साई सेंटर लखनऊ में विशेष एथलेटिक्स कोचिंग कैंप में पलामू जिले के बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की चार खिलाड़ी भाग लेंगी। जो खिलाड़ी भाग लेंगी उनमें बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय से साधना कुमारी, वीपीएमज्ञान निकेतन से अपर्णा कुमारी, साधना कुमारी, मानसी कुमारी का चयन किया गया है। बता दें कि भारतीय एथलेटिक्स संघ व गुजरात एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 16 से 18 फरवरी तक गुजरात यूनिवर्सिटी नवरंगपूरा अहमदाबाद में संपन्न 19 वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार उन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पलामू जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में भाग लेते हुए 19वी राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इन सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सभी खिलाड़ी लखनऊ पहुंच गए। पलामू जिला खेल पदाधिकारी, पलामू जिला ओलंपिक संघ, जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।



### किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य के अनुरूप दें बैंकर्स

# आपस में समन्वय बनाकर काम करें

**विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपया,पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी के समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त के एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद, विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## पलामू का खिलाड़ी भी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा : सुमित वर्मन

**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में मंगलवार की शाम सात बजे पलामू यूथ फाउंडेशन ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। पलामू के तीन स्केटिंग खिलाड़ियों, स्केटिंग कोच, ट्रेनर चंदन कुमार को प्राइड ऑफ पलामू अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। बताते चले कि यूथ स्पोर्ट्स वेल्फेयर फाउंडेशन इंडिया द्वारा पटना में आयोजित स्केटिंग मैराथन 2024 में डालटनगंज स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर पलामू के तीन स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। नो वर्ष तक के ग्रुप पांच किलोमीटर रेस में हसन अख्तर ने कांस्य पदक हासिल किया। 11 वर्ष तक के ग्रुप पांच किलोमीटर में रचित राज ने भी कांस्य पदक हासिल किया। 14 वर्ष तक के ग्रुप 11 किलोमीटर में देवांश कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। बच्चों के कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व कोच का सही मार्गदर्शन से स्केटिंग खेल पलामू जिला का नाम हमेशा आगे बढ़ाने का काम कर रहा हैं। साथ ही यूथ स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन इंडिया द्वारा उन्हें स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर पलामू यूथ फाउंडेशन के फाउंडर सह अध्यक्ष पंडित प्रदीप नारायण, हेड ऑफ इवेंट सुमित वर्मन, योगेन्द्र मेहता, संतोष कुमार,खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित थे।



## न्यूज बॉक्स

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही एम्बुलेंस, फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह छह बजे से लेकर सात बजे तक किया जायेगा। इसके बाद न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो को दिखाया जायेगा। साथ ही स्नेक्स की व्यवस्था की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित किया जाएगा। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहेंगे। जिला मुख्यालय के साथ ही प्रखंड व सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने के लिए संबंधितों अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुर अहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



**शहर के शिवाजी मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम**

### नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से मादक पदार्थ के रोकथाम के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांव का भ्रमण कर लोगों को नशे के करण होने वाले विकृतियों के संबंध में अवगत करायेगा। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि जागरूकता रथ जिले के सभी पंचायतों में जाकर लोगों को मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति अपनी सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने की बात कही ताकि वे गलत संगत में पड़कर नशे की तरफ न चले जायें। बच्चे हमारे भविष्य है। बेहतर जिला, समाज, राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण समाज में विभिन्न तरह के विकृतियां फैलती है। साथ ही युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोका जाए। इसी कड़ी में बुधवार को यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम कुमार उपस्थित थे।

### राहुल ने भारतीय के दिल में खास जगह बनाई : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैसे रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस भवन में केक काट कर धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष ने केक काटने के बाद राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेसियों ने जरूरतमंदों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जन्मदिन की असीम, अनंत, अविनाशी शुभकामनाएं राहुल गांधी को देता हूं। उनकी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, करुणामयी सोच व साहसी दृष्टिकोण ने हर भारतीय के दिल में एक खास जगह बनाई है। सादगी भरे व्यक्तित्व, निस्वार्थ सेवा ने सबकों हमेशा प्रेरित किया है। भारत के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद हैं। विशेष दिन पर ईश्वर उनकी लंबी उम्र, असीम खुशियां व सफलता प्रदान करें। मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, कृष्णमणि दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, सानू खान, गिरजा राम, सुरेश पाठक, जीशान खान, अशोक पासवान, सच्चिदानंद मिश्रा, अनिल सिंह, विक्की तिवारी, उमेश यादव, आलोक सिंह, इकराम अंसारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## समीक्षा

### उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा की

# पंड़वा, सदर एमओ का वेतन रोका, छत्तरपुर,नावा बाजार से स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददात**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को झारनेट के सभागार में खाद्य आपूर्ति,जन वितरण प्रणाली दुकान,धोती-साड़ी योजना समेत खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में समय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाने पर बल दिया। उन्होंने जून, जुलाई माह एनएफएसए डोर स्टेप डिलीवरी के तहत विक्रेताओं को खाद्यान्न निर्गमन की समीक्षा की। 10 दिनों के अंदर सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को जुलाई तक का खाद्यान्न शत-प्रतिशत डोर स्टेप करने का निर्देश दिया गया। जून, जुलाई माह का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के दौरान पाया कि जुलाई का छतरपुर, मोहम्मदगंज, नावा बाजार, नवडीहा बाजार, पड़वा, पिपरा से एक-एक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से बारी-बारी वितरण असंतोषप्रद रहने के कारण पूछा गया। वितरण कार्य प्रगति में लाने का निर्देश दिया गया। अप्रैल का चना दाल, अगस्त 2023 का ग्रीन राशन कार्ड, सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत वस्त्रों के वितरण के संबंध में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।



### पीवीटीजी डाकिया योजना की समीक्षा

जून का पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी लाभुक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी। 25 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से वितरण कार्य पूर्ण करने तथा ऑनलाइन आहार पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने डीएसओ प्रीति किस्कू को वितरण कार्य में अनियमितता बरतने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लाभुकों के तरफ से प्राप्त होने वाले शिकायतों की भी जांच करने को लेकर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।

### शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने के निर्देश

उपायुक्त ने कार्डधारियों का आधार सिडिंग, मोबाइल सिडिंग कार्यों की समीक्षा की। शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। हरा राशन कार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर,मेदिनीनगर सदर, पंड़वा, नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अनुपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, पंड़वा, सदर मेदिनीनगर को अगले आदेश तक वेतन रोकने करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।

**हरा राशन कार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर,मेदिनीनगर सदर, पंड़वा, नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।**


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### गोदाम से राशन की चोरी, बीडीओ ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित जेएसएफसी गोदाम से दिन प्रतिदिन राशन की चोरी हो रही है। उक्त गोदाम में सीएमआर चावल, पीएच चावल, अंत्योदय लाभुकों का चावल है। अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में प्रतिदिन रोशनदानी का जाली को तोड़कर राशन की चोरी किया जा रहा है। विगत मार्च माह मे गोदाम का राशनदानी का जाली तोड़कर चावल चोरी किया गया था उसके बाद रोशन दानी को ईंट और सीमेंट से बंद कर दिया गया था।तब उक्त चोरों द्वारा दुसरे राशनदानी को तोड़कर राशन की चोरी कर रहा है। चोरी करने के बाद चोरों द्वारा जाली को पुनः रोशन दानी में फंसा दिया जाता है ताकि किसी को पता नहीं चल सके। गोदाम राशन से भरा होने के कारण कितना राशन चोरी हुआ इसका पता नहीं चल पा रहा है। इसको लेकर गोदाम सहायक राजीव कुमार ने बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सावित्री कुमारी को पत्र लिखकर गोदाम की सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया है।

### जनमन योजना के लाभुकों से अवैध उगाही की होगी जांच : उपायुक्त

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्र के तसरार पंचायत स्थित चकरी गांव के आदिम जनजाति जनमन योजना के लाभुकों से हुई अवैध राशि की उगाही मामले को उपायुक्त शेखर जमुआर ने संज्ञान लिया है। मामले पर बुधवार को पूछताछ के दौरान उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में छप रहे कुछ कुछ मामलों को मैं सीधे संज्ञान में ले लेता हूं। साथ ही उस पर गंभीर होकर जांच को लेकर कर्मचारियों को निर्देशित भी कर देता हूं। उपायुक्त ने कहा कि जनमन योजना के लाभुकों से हुई राशि की अवैध उगाही भी उसी में से एक है। साथ ही कहा की मामले से संबंधित छपी समाचार पत्र के खबर की कटिंग मेरे तक पहुंच चुका है । मामले को लेकर जांच के लिए निर्देश भी दे दीए गए हैं ।उपायुक्त ने कहा कि रिपोर्ट आते ही दोषियों के खिलाफ करवाई कर दी जाएगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी योजना जनमन योजना के लाभुकों से छः छः हजार रुपए की अवैध वसूली का मामला सामने आया था।

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने विभिन्न मंदिरों में पूजन सामग्री बांटी

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय गोसाई बाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती, फूल बत्ती, कपूर, का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने श्री बंशीधर नगर के बस स्टैंड अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर, सूर्य मंदिर, शारदा मंदिर, महावीर मंदिर रक्सा, नृवादेश्वर मंदिर पालहे, भवनाथपुर मोड़ महावीर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जाकर झाड़ू अगरबत्ती, माचिस, कपूर, धूपबत्ती, का वितरण किया, सदस्यों ने बतलाया कि 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर कई कार्यक्रम समूह शाखा नगर उंटारी के द्वारा आयोजित किया जाता रहा है।

## विधायक भानु ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव से की मुलाकात, कहा

# संवेदक और इंजीनियर की मिलीभगत से नल-जल योजना में मची है धांधली

**संवाददाता। केतार**

भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव से रांची में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने सचिव का नल-जल योजना की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य गढ़वा जिला के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पुरे झारखंड प्रदेश में हर ग्रामीणों के घर में नल से जल पहुंचाने की योजना है। लेकिन संवेदक और इंजीनियर के मिली भगत से जल जीवन मिशन योजना में धांधली और लूट मची हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार हिदायत देने के बाद भी संवेदक के द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। संवेदक के द्वारा निविदा में फर्जी कागजात तथा पेमेंट सार्टिफिकेट, टर्न ओवर सार्टिफिकेट लगाकर अधिकतर वैसे लोग काम लिए है जो पेयजल से सम्बन्धित कार्य नहीं किये है। इन संवेदकों के द्वारा बीना बैरीग किये पैसा का निकासी किया जा रहा है वहीं घटिया किस्म का पाइप का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा की अधिकतर फेल बोरिंग में जल मीनार लगाकर खानापूर्ति किया जा रहा है, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो रहा है। विधायक भानु ने कहा की घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप को सिर्फ एक फिट तक गढ़ा खोदकर बिछाया गया है।वहीं कहीं कहीं खेत में ऐसे ही पाईप बिछाकर छोड़ दिया गया है। गांव टोला में पाइप सड़क किनारे बिछाया गया है जो सड़क बनाते ही कलवर्ट, गार्डवाल के खोदाई में पाईप फट रहा है।कई जगहों पर पाइप हमेशा फट जा रहा है,जिसका देखभाल और मरम्मत करने वाला कोई नहीं है। जबकि ग्रामीण नल-जल योजना के प्राकलन में मेंटनेंस का पैसा जुड़ा हुआ है। लेकिन किसी भी गांव में मेंटेनेंस कार्य नहीं हो रहा है। विधायक भानु ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव से प्रदेश में चल रहे नल-जल योजना के कार्यों का जांच उच्च स्तरीय कमिटी बनाकर कराने को कहा है ताकि ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिल सके और उन्हें निरंतर पेयजल की आपूर्ति हो सके।



- प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य गढ़वा जिला के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड प्रदेश में हर घर में नल से जल पहुंचाना है
- इन संवेदकों द्वारा बीना बैरीग किए पैसे की निकासी की जा रही है और घटिया किस्म के पाइप का उपयोग किया जा रहा है

# विधायक प्रतिनिधि ने सदर अस्पताल प्रबंधक को जड़ा थप्पड़, फाड़े कागज

**संवाददाता। गढ़वा**



सदर अस्पताल के प्रबंधक डा.सत्यनारायण के साथ गढ़वा विधायक के स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन साहु द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। चिकित्सकों के विरुद्ध अस्पताल प्रबंधक की ओर से उपायुक्त को सूचना देने से इंकार करने से नाराज थे। विधायक प्रतिनिधि ने सदर अस्पताल के ओटी रूम के बाहर अस्पताल प्रबंधक को कई थप्पड़ जड़ दिए एवं ड्यूटी रोस्टर से संबंधित कागजातों को फाड़ दिए। घटना मंगलवार की देर शाम की है। इस घटना को लेकर सदर अस्पताल प्रबंधक डा.सत्यनारायण ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार यह घटना उस समय हुई, जब मंगलवार की शाम करीब साढ़े बजे सदर अस्पताल प्रबंधक डा.सत्यनारायण ने सदर अस्पताल के प्रथम तल में ओटी रूम के समीप दैनिक राउंड ड्यूटी पर थे। तब सदर अस्पताल के प्रथम तल में ओटी रूम के समीप कंचन साहु ने उन्हें ड्यूटी से अनुपस्थित चिकित्सकों के बारे में उपायुक्त को लिखित सूचना देने को कहा। इस पर अस्पताल प्रबंधक के इतना कहने पर कि यह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है, इस बात पर उनके हाथ से ड्यूटी रोस्टर, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता संबंधित सूची आदि कागजात को छिनकर फाड़ दिए। बताया गया कि विधायक प्रतिनिधि ने गुस्से में गाली गलौज करने लगे। जब तक वहां मौजूद चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी कुछ समझ पाते, तब तक उन्होंने अस्पताल प्रबंधक का कालर पकड़ कर ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिए।

## बाल-बाल बचे सीओ व मुखिया, जेसीबी मशीन का टूटा शीशा

# 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता। मेराल**

पूवार्राटोला के श्मशान घाट पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन पर अतिक्रमणकारियों ने तू तू मैं मैं करते अचानक लाठी डंडे एवं पत्थरों से हमला कर दिया इस घटना में सीओ यशवंत नायक तथा स्थानीय मुखिया रामसागर महतो बाल बाल बच गए। पत्थर बाजी में जेसीबी का शीशा टूट गया बाद में भारी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाकर उस जमीन पर मिट्टी भराई तथा सड़क निर्माण कराया गया।

इस मामले में मुखिया तथा दर्जनों ग्रामीणों द्वारा सीओ को आवेदन देकर सरकारी भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराने के दौरान पत्थर बाजी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा मुखिया तथा अन्य लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ जेसीबी मशीन को एक लाख रुपए का क्षती पहचाने को लेकर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। ग्रामीणों के आवेदन को संलग्न करते हुए इस मामले में सीओ द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है।



**मेरी बात नहीं सुनी गई : श्रवण महतो**

अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन का विरोध करने वाले श्रमण महतो ने कहा कि मेरी बात नहीं सुनी गई। सीओ साहब को फरवरी में ही अपने दादा के समय का बंदोबस्त की गई जमीन की मापी करने का आवेदन दिया था, परंतु आज तक मेरी जमीन का मापी नहीं किया गया। उल्टा विरोध के बाद भी जबरन मेरी जमीन पर बुलडोजर चलाया गया है।

**जमीन की मापी कर हटाया गया है अतिक्रमण : सीओ**

सीओ यशवंत नायक ने बताया कि ग्रामीणों के आवेदन के बाद तिथि निर्धारित कर बुधवार को सरकारी जमीन की मापी कराकर अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण किए गए लोगों द्वारा जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारीयों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए पत्थर बाजी किया गया है इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दे दिया गया है।

### जांच रिपोर्ट में खाद्यान्न कटौती की हुई पुष्टि

**डंडाई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के जन वितरण दुकानदार पारसनाथ प्रसाद के खिलाफ लाभुकों की ओर से की गई शिकायत मामले की जांच रिपोर्ट बुधवार को एम ओ कार्यालय पहुंच गया। सीआई राजेंद्र यादव ने अंचल प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के हाथों में उक्त रिपोर्ट सौंपा। उनके रिपोर्ट में खाद्यान्न कटौती मामले की जहां पुष्टि हुई वहीं लाभुकों की शिकायत भी शत प्रतिशत सही रहा ।सी आई ने बताया कि मामले के जांच की जिम्मेवारी अंचलाधिकारी के द्वारा मुझे दी गई थी। उसी के आलोक में संबंधित डीलर के दर्जनों से भी अधिक लाभुकों से पूछताछ कर मैं उनके बयान को कलमबद्ध कर लिया। साथ ही बुधवार के दिन प्रधान लिपिक नुमान अंसारी के हाथों में वह रिपोर्ट सौंप दिया। सी आई ने कहा कि पूछताछ के दौरान उक्त सभी लाभुकों ने प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न कटौती करने की बात बताई। साथ ही कहा कि बीच में कार्यालय अवकाश होने के कारण मामले की जांच रिपोर्ट देने में कुछ देरी हो गई है।

### चालक के साथ पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**संवाददाता। डंडाई**

अवैध तरीके से बालू लोड कर पनघटवा डैम की ओर से आ रही ट्रैक्टर को चालक सहित जप्त कर पुलिस ने उसे थाना ले लाया। चालक का नाम परशु सिंह घर भंडार बताया जाता है जबकि वाहन मालिक का नाम सुदीप सिंह है। घटना बुधवार सुबह 9:00 बजे की है। लंबे दिन के बाद पुलिस को बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक भी हाथ लगी है। इससे पहले पुलिस के द्वारा अब तक जितना भी बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया है उसके साथ एक भी चालक हाथ नहीं लग पाया था। सभी के सभी बालू लदे ट्रैक्टर को यथा स्थिति छोड़ भागने में सफल हो जा रहे थे। उसके बाद पुलिस के द्वारा अपने दम पर उसे थाना तक लाने का काम किया जा रहा था। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के पश्चिम दिशा की ओर से ट्रैक्टर बालू लोड कर आ रही थी।उसी दौरान बोलियां मोड़ के आसपास से उसे चालक परसु सिह के साथ जप्त कर थाना ले लाया गया है।

## सिकल सेल डे पर विद्यार्थियों की हुई निःशुल्क जांच

**संवाददाता। रमना**

बुधवार को राजयकृत उच्च विद्यालय रमना में सिकल सेल डे एनीमिया के रोकथाम और उपचार हेतु स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 75 विद्यार्थियों का सिकल सेल एनीमिया का जाँच किया गया, इस जाँच में सभी का परिणाम नाकारत्मक पाया गया। इस जाँच शिविर का संचालन आरबी एस के अनु अस्पताल नगर उंटारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक रामानुज प्रसाद नें सीएचओ अभिषेक सिंह तंवर, प्रियंकर प्रियम और ए. एन. एम. कल्पना कुमारी सिन्हा एवं बबिता कुमारी के साथ किया और विद्यालय में उपस्थित कुल 75 विद्यार्थियों का सिकल सेल एनीमिया का जाँच किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों का जाँच नेगेटिव आया। इस मौके पर चिकित्सक रामानुज प्रसाद बताये की इस रोग के लक्षण बार बार बीमार होना, थकान, बुखार, जोड़ो में दर्द या सूजन तथा कमजोरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना, छाती में दर्द, सांस फूलना और पीठ में दर्द आदि का होना है।



### युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के भदुमा गांव निवासी गुड्डु उरांव 32 वर्ष पति सुखदेव उरांव की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुड्डु उरांव की पत्नी सुनीता देवी ने मंगलवार की सुबह में मजदूरी करने के लिए गढ़वा शहर में आ गई थी। जबकि गुड्डु उरांव घर में ही था। जब सुनीता देवी मजदूरी कर शाम को घर पहुंची तो गुड्डु उरांव को चारपाई पर मृत हालत में पड़े देखकर रोने चिल्लाने लगी।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

### मत्स्य कृषकों के लिए मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत मछली–सह–बत्तख पालन हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार को निम्न प्रकार से भौतिक लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए दिनांक 09.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 सं0 | स्वीकृत कार्य | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | इकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मछली सह बत्तख पालन | कुल–04 (796– 2 अ0ज0जा0 796– 2 अन्य) | 153350/– प्रति 0.4 हेक्टेयर जलक्षेत्र | अनु0ज0जा0 एवं महिला लाभुक को राज्य सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत अधिकतम 122680/– रू0 प्रति लाभुक होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। | |
| | | | | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक को राज्य सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत अधिकतम 107345/– रू0 प्रति लाभुक होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। | |

नोट– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक अपना आवेदन के जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में निर्धारित तिथि तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपना आवेदन निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे–

- स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण पत्र।
- लाभुक के साथ तालाब का फोटोग्राफ।
- अनु0ज0जा0 के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र यदि हो तो।
- प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिक्ता 1.00 एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्ष 2024–25 से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो। लीज से संबंधित दस्तावेज या प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
- आर0एफ0एफ0 के पास के लाभुक भी आवेदन कर सकते हैं, जो आर0एफ0एफ0 के लाभुक सक्रिये हो तथा बैंक खाता संचालित हो।
- मछली सह बत्तख पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक्र होना आवश्यक है, जिनका तालाब घर के नजदीक होगा, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- लाभुक के पास निजी / सरकारी सदाबहार तालाब होना आवश्यक है।
- समाचार पत्रों में दिये गये विज्ञापन के उपरांत प्राप्त आवेदनों में लाभुकों का चयन जिला स्तर पर सुरक्षित जमा निर्धारण समिति के द्वारा किया जाएगा।
- लाभुकों का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तथा समिति का निर्णय अंतिम होगा, किसी भी त्रुटि पूर्ण आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
- **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– दिनांक 09.07.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक कार्य दिवस में।** अंतिम तिथि के बाद आवेदन जमा करने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 326885 (Fish) 24-25 (D)



## कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वन प्रमण्डल, लोहरदगा।

E-mail:-dfo-lohardagga@gov.inPh. & Fax - 06526 – 224285/359028

### " अल्पकालीन निविदा सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा वन प्रमण्डल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित वाहनों एव रद्दीकृत विभागीय वाहनों की जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिक्री हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जातीहै।निविदाफॉर्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस को कार्यअवधि के दौरानविहित शुल्क 100/– (एक सौ) रूपया जमा कर प्राप्त की जासकेगी।विधिवत् भरा गया मुहरबन्द निविदा फॉर्म दिनांक04.07.2024को12:00बजे पूर्वाह्न तक वन प्रमण्डलीय कार्यालय, लोहरदगामेंप्राप्त की जायेगी। निविदा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 01:00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी बाध्य नहींहैऔरउसे बिना कारण बताये बिक्री से उठालेने या रद्द करने के लिए सक्षम होंगे। निविदा में उच्चतम डाकवाले निविदादाताओं को स्वीकृत राशि का 15%जमानत की राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य है। सफल निविदादाताओं को नियामानुसार पूरी राशि (सभी कर सहित) निविदा स्वीकृति के 15 दिनों के अन्दर जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अन्तर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन एवं जमानत तथा अन्य जमा राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात करली जाएगी। निविदादाता को निविदा के साथ आधारकार्ड एवं पैनकार्ड की छाया प्रतिभी समर्पित करना अनिवार्य होगा। क्रय कियेगयेवाहनों से संबंधित निबंधन पत्र देने या निबंधनस्थानांतरणकराने की जिम्मेवारी प्रमण्डलीय कार्यालय की नहीं होगी।

निविदादाता को ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के लिए 10000/– (दस हजार) रू० अन्य चार पहिये वाहन के लिए 5000/– (पाँच हजार) रू० एवं दो पहिए वाहनहेतु 2000/– (दो हजार) रू० मात्र अग्रधन की राशि मुहरबन्द लिफाफे में निविदा के साथ बैंक ड्रॉफ्टजो पंजाब नेशनल बैंक, लोहरदगा में भुगतेय हो एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा वनप्रमण्डल, लोहरदगा(Divisional Forest Officer, Lohardaga Forest Division, Lohardaga) के पदनामकेपक्ष में हो जमा करना होगा। असफल निविदादाताओं के अग्रधन की राशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी।सफल निविदादाताओं द्वारा जमा की गईअग्रधन की राशि वाहन के मूल्य में समायोजित कर दी जाएगी। इच्छुक निविदादाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन कार्यालय अवधि मेंवाहन का निरीक्षण कर सकते है। प्रत्येक वाहन के लिए अलग–अलग निविदा विहित प्रपत्र मेंअग्रधन के साथ देना होगा। निविदादाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकतेहै, बशर्ते की विहित प्रपत्र में निविदा अग्रधन राशि सहित पूरी तरह मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 04.07.2024को 12:00 बजे पूर्वाह्न के पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाए। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम सं0 | निबंधन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन जहाँ अवस्थित है | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AE0538 | TRUCK | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 2 | CG04JA5592 | TRUCK | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 3 | JH01C7941 | MOTORCYCLE | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 4 | JH08H1249 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 5 | JH08C 4232 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 6 | JH01E9688 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 7 | JH08A5540 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 8 | JH07H9771 | MOTORCYCLE | –वही– | |
| 9 | Without No | EICHER TRACTOR | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |
| 10 | JH08A9192 | MARUTI ZEN | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 11 | WITHOUT NO | TRACTOR & TAILER | वन परिसर कैम्पस, बनारी। | |
| 12 | JH07A7013 | COMMANDER JEEP | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 13 | JH01T 43384 | TATA MAGIC | वन परिसर कैम्पस, लोहरदगा। | |
| 14 | JH01AB 0563 | HUNDAI i20 | वन परिसर कैम्पस, कुडू। | |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लोहरदगा वन प्रमण्डल,
लोहरदगा।

PR 326848 (Lohardaga) 24-25 (D)


**मनमानी**

## अमिला हास्पिटल की लापरवाही से प्रसव के दौरान नवजात की मौत

# पीड़ित परिवार ने उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

**संवाददाता। गढ़वा**

जिले में निजी अस्पतालों की मनमानी पर लगाम लगाने में स्वास्थ्य विभाग विफल साबित हो रहा है। एमबीबीएस चिकित्सक के नाम पर निजी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कराकर अधकचरे जानकारी वाले कथित चिकित्सक मरीजों का इलाज का गोरखधंधा कर रहे हैं।

इससे आए दिन मरीजों की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। खासकर, प्रसव के दौरान जच्चा या बच्चा की मौत के मामले अक्सर ही सामने आते रहते हैं। इस पर कुछ दिन होहल्ला मचता है। लेकिन कुछ दिनों बाद ऐसे मामले ठंडे बस्ते चले जाते हैं और निजी अस्पताल संचालक बेखौफ होकर आर्थिक दोहन एवं मरीजो के जान से खिलवाड़ करते रहते हैं। अब रक्त के नाम पर भी पैसे की उगाही किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। केतार थाना क्षेत्र के पालनगर गांव के चंदन सिंह की पत्नी प्रियंका कुमारी को वहां की स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से गढ़वा के अमिला हास्पिटल में भर्ती कराया गया। तब नार्मल डिलेवरी के लिए 12 हजार रुपये, मेडिकल चेकअप के लिए तीन हजार रुपये एवं रक्त की कमी होने की बात कहकर रक्त उपलब्ध कराने के नाम पर सात हजार रुपये जमा करने को कहा गया। तब मरीज के स्वजनों ने 17 हजार रुपये जमा कर दिए। लेकिन प्रसव कराने के दौरान ही बच्चा की मौत हो गई।

**खून खरीदने के नाम पर लिए गए 7000**



इस मामले में जांच टीम भेजकर गहन जांच कराई जाएगी। निजी अस्पताल संचालक दोषी पाया गया तो अवश्य कार्रवाई होगी। खासकर, रक्त के नाम पर मरीजों से ठगी का मामला अत्यंत गंभीर है। इस पर कार्रवाई होगी।

–डा .अशोक कुमार,
सिविल सर्जन, गढ़वा।

## एक नजर

### थानेदार की पहल पर टोटी बाजार में गुम मोबाइल मिल गया



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम निवासी बसंती कुमारी पति पंकज उराँव का टोटी बाजार मे शब्जी खरीदने के दौरान मोबाईल गुम हो गया था. काफी खोज बिन के बाद शिकायत बारियातू थाना मे दिनांक 18 मई को किया गया था. थाना प्रभारी राजा दिलावर के पहल पर आखिरकार गुम मोबाइल को खोज निकाल लिया गया.हालांकि मोबाइल को 19 जून को बसंती कुमारी को सौंपा दिया गया। ज्ञात हो की थाना प्रभारी राजा दिलावर के कार्य सकारात्मक कार्य को खूब सराहा जा रहा है. इसके पूर्व भी कई समस्याओं का समाधान वगैर परेशानी को आम जनो को कर देते हैं.

### सड़क मरम्मत कार्य में अनियमितता, ग्रामीणों ने किया विरोध

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गिद्धौर प्रखंड के इचाक से पिंडारकोण सड़क की मरम्मती सह मजबूतीकरण का कार्य करीब दो करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। परंतु संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनीमितता बरती जा रही है। जिसका विरोध ग्रामीणों ने करते हुए बताया कि सड़क की मजबूती कारण सह मरम्मती ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सिन्हा कंस्ट्रक्शन चतरा द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने संवेदक द्वारा किये जा रहे कालीकरण में अनीमितता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ सड़क कालीकरण की जा रही है। तो दूसरी तरफ सड़क उखड़ भी रहा है। जांच कराते हुए संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करने के साथ कार्य में गुणवत्ता लाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

### 41 बच्चों का नहीं आया 8वीं का रिजल्ट, आगे नामांकन में परेशानी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर के आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट जैक द्वारा नहीं दिया गया है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं का नामांकन उच्च कक्षा में नहीं हो पा रही है। आठवीं कक्षा के रिजल्ट को लेकर छात्र व अभिभावक विद्यालय के साथ शिक्षा विभाग के चक्कर लग रहे हैं। बताया गया कि विद्यालय में 41 बच्चे आठवीं कक्षा में अध्यनरत थे। इधर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने झारखंड अधिविधि परिषद रांची के सचिव को पत्र प्रेषित कर परिणाम जारी करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है की शैक्षिक सत्र 2023-24 के आठवीं बोर्ड परीक्षा फल के लिए विद्यालय द्वारा ऑनलाइन करने में भूल हो गई है। जिसके कारण रिजल्ट शो नहीं कर पा रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यालय की भूल को माफ करते हुए, परीक्षा परिणाम में सुधार करने की मांग की है।

## सोलर जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी

# ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई जलमीनार ठीक कराने की गुहार

**संवाददाता। लातेहार**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत लातेहार जिले के सभी पंचायत के गांव-गांव टोला -टोला में जल मीनार एवं बोरिंग का निर्माण कराया गया ताकि लोगो को पानी की समस्या उत्पन्न ना हो लेकिन धरातल पर देखा जाए तो अधिक से ज्यादा जलमीनार खराब मिलेंगे। जिसका नतीजा है कि अधिक ज्यादा गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए दर-बदर भटकना पड़ रहा है। एक ऐसा ही मामला लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम का है जहां पिछले तीन साल से जलमीनार खराब पड़ा है।वही जुलाब खान, इदुल खान, अहमद खान, सकीला विबी, नेहुर खान, बानो खातून समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 वर्ष पहले मुखिया फंड से जल मीनार का निर्माण कार्य कराया गया था जो की एक वर्ष में ही मोटर खराब हो गया है। जिसका नतीजा है कि आज हमारे मां बेटी बहनों को पानी के लिए घर-घर जाकर लाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी लोग है जो हम लोगों को पानी भी लाने नहीं देते हैं। इस प्रचंड गर्मी में हम लोगों सोचना पड़ता है कि पानी कहां से लायें।



**क्या कहते हैं पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता**

दीपक कुमार महतो से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है जल्द से जल्द जल मीनार को ठीक करा दिया जाएगा।

## संकुल संगठन के बीओडी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**संवाददाता। बारियातू**

प्रखंड कार्यालय सभागार में पलाश जेएसएलपीएस द्वारा गठित संकुल संगठन के बीओडी सदस्यों को संकुल संगठन के सामाजिक आर्थिक वित्तीय लेनदेन एवं सरकारी योजनाओं को सही तरीके से सफल संचालन के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।इसकी जानकारी देते हुए बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बरियातू प्रखंड में दो संकुल संगठन टोंटी आजिविका महिला संकुल संगठन एवं बारियातू आजिविका महिला संकुल संगठन का निर्माण पूर्व में ही किया गया था।जिसका रजिस्ट्रेशन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा कराया गया है जिसके उपरांत संकुल संगठन को बेहतर एवं आसान तरीके से कार्य करने के लिए प्रत्येक संकुल में 21 सदस्यों का एक टीम गठित किया गया है। जिसका नाम बीओडी है।इस प्रशिक्षण में सदस्यों को रोकैट खेल के माध्यम से संकुल की संरचना, भूमिका एवं जिम्मेदारी के बारे प्रशिक्षण दिया गया।सहकारी समिति लिमिटेड के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया। पंजीकृत संकुल का शासन प्रशासन के बारे विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया गया एवं संकुल का वित्तीय प्रबंधन एवं नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक संजीता मुहकल, पुनम कुमारी, एडमिन नितेश पैत, सीसी उत्तम कुमार, अनिल उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी समेत बीओडी के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा, दिये कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



**संवाददाता। चतरा**

बुधवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिले के विकास योजनाओं व जन कल्याणकारी योजनाओं कि समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य के विरूद्ध योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। वहीं विशेष केन्द्रीय सहायता मद, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, अनाबद्ध निधि से भी संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी उपस्थित कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता से लेते हुए जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उसे संबंधित को हस्तांतरण करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि 20 जून को राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता डीएमएफटी भवन चतरा में जिले के विकास व जन कल्याणकारी योजनाओं कि समीक्षा बैठक जिले के अधिकारियों के साथ करेंगे। इसी दौरान उसी परिसर से मादक पदार्थों के दुरूपयोग को समाप्त करने हेतु जिला जन सम्पर्क कार्यालय, चतरा द्वारा तैयार किए गए नशा मुक्ति एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। रथ जिले, अनुमंडल व प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर मादक पदार्थों के दुरूपयोग को लेकर आमजनों को जागरूक करेगी। साथ ही मंत्री द्वारा कई योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्तियों का भी वितरण किया जाएगा।

## विधवा को नहीं मिली प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त, कर्ज में दबी

संवाददाता। प्रताापपुर/कुंदा(चतरा)

जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत योगियारा पंचायत के उपरबरहे गांव की विधवा सोहवतीया देवी प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरी किस्त की राशी आने की बाट बीत करीब एक वर्ष से जोह रही है। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण दूसरी किस्त की राशी नही मिल पाई है। विधवा ने जानकारी देते हुए बताया कि वितिय वर्ष 2020-21 में (पंजीयन संख्या जेएच 2392165) आवास योजना का लाभ दिया गया था, पति के मृत्यु हो जाने के कारण उस समय आवास में काम नहीं लगा सकी। स्थिति सामान्य होने के उपरांत आवास की राशि चालीस हजार कम पड़ रहे थे तो बहुत मुश्किल से साहूकारों से कर्ज लेकर आवास, लिंटर लेवल तक पूरा करवा दिया, उसके बाद उम्मीद जगी की दूसरी किस्त की राशि मिलने पर छत की ढलाई करने के साथ साहूकारों से लिए गए रुपये वापस कर दूंगी। जब लंबे समय तक खाते में दूसरी किस्त नहीं पहुंची तो ब्लॉक का चक्कर लगाया, उसके बाद बताया गया कि आपका आधार गलत जुड़ा हुआ। उसके उपरांत आधार खाता लगभग 4 माह पूर्व मुखिया के माध्यम से जमा करवा दिया। लेकिन उसके बावजूद भी दूसरी किस्त की राशि नहीं आई। इस संदर्भ में संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया आशीष भारती ने काहा की चार माह पूर्व ही इनका सभी कागजात जमा कर दिया गया था, ताकी शुद्धिकरण के उपरांत जल्द राशि का भुगतान हो सके, लेकिन नहीं हो सका जो दुखद है। विधवा ने उपायुक्त से दूसरी किस्त की राशि भुगतान करने में मदद करने की अपील की है।

### पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल नदी से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने बुधवार को जब्त किया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी नदी व घाटों से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक लगाया गया है। परंतु कुछ बालू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से बालू उठाव किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर बलबल नदी से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। आगे कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।

### मजदूरों के लिए सदैव तत्पर हूं : धीरज साहू

**चंदवा।** बुधवार को पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने चंदवा टोरी बॉक्साइट साइडिंग में मजदूरों के साथ बैठक की। जिसमें श्री साहू ने मजदूरों की समस्याओं को सुना और मजदूर नेताओं से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर इसे दूर करने का भरोसा दिया। चंदवा बॉक्साइट टोरी साइडिंग में झारखंड बॉक्साइट मजदूर यूनियन के बैनर तले कार्य करती है जिसमें लोडर और अनलोडर मजदूर काम करते हैं। मजदूरों ने पानी, पीएफ भुगतान, ठेकेदार के द्वारा मजदूरी का पूर्ण भुगतान नहीं करने की समस्या समेत कई समस्याओं से श्री साहू को अवगत कराया। समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें जल्द से जल्द दूर करवाने का भरोसा दिया साथ ही कहा कि अब मजदूरों को एक होने का समय आ गया है इसको लेकर टोरी, रिचुघुटा और लोहरदगा बॉक्साइट साइडिंग के सभी मजदूर का 22 जून को लोहरदगा में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संगठन को मजबूती देने तथा कंपनी से बेहतर सुविधा प्राप्त करने को लेकर चर्चा की जायेगी।

## अभियान

## मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जागरूकता रथ रवाना

# 19 से 26 जून तक चलेगा जागरूकता अभियान

**संवाददाता। लातेहार**

जिला अंतर्गत मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम उपस्थित रहें। इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिला अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रो में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग, मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य एवं परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने बताया कि मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए जिले में 19 से 26 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है। अभियान के तहत दो जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। जिसमें नुक्कड़ नाटक, रैली, कार्यशाला, संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता , पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग, स्पीच, प्रभात फेरी, चित्रांकन इत्यादि के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूक किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इस अभियान के प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है।




## लोक अदालत में पच्चास से अधिक मामलों का जल्द होगा निष्पादन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को स्थाई लोक अदालत राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जमीन से संबंधित दाखिल खारिज, लगान समेत अन्य मामले को लेकर लगभग 50 से अधिक आवेदन आए। जिसमें कई मामले का त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से स्थाई लोक अदालत के अरुण कुमार, संजय कुमार सिन्हा, बीडीओ मनीष कुमार, पीएलवी दयानंद शर्मा व मोजाहिर हुसैन उपस्थित थे। षिविर में बीडीओ ने कहा स्थाई लोक अदालत जन उपयोगी है। यहां आवेदन देकर निःशल्क रूप से मामले का निष्पादन करा सकते हैं। यहां बिना खर्च का न्याय मिलता है।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पत्रांक 607 / न0प0, दिनांक 18.06.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा के निम्नलिखित सैरातो / नगर परिषद् क्षेत्र में बाहरी व्यवसायिक वाहनो के प्रवेश शुल्क वसुली की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–27.06.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–28.06.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा बस पड़ाव (सभी प्रकार के यात्री वाहन) | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 37,00,700.00 | 3,70,070.00 |
| 2 | नगर परिषद् क्षेत्र में बाहर से प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन। | | 1,16,90,325.00 | 11,69,033.00 |
| 3 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | | 14,95,000.00 | 1,49,500.00 |

नोटः–1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–27.06.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।

2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 326824 Urban Development(24-25).D

## कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–02 / 2024–25**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 27.06.2024 कार्यालय दिवस में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 28.06.2024, को 1.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 28.06.2024 को अपराह्न 1.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–कोपे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगतु, में चाहरदिवारी निर्माण। | 19,64,800.00 | 39300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–मटलौंग, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, नूनफोरवा मटलौंग में चाहरदिवारी निर्माण। | 12,31,600.00 | 24700.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–नामुदाग, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तुरी टोला में चाहरदिवारी निर्माण। | 17,17,800.00 | 34400.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–कोपे, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जेरुआ में चाहरदिवारी निर्माण। | 22,72,600.00 | 45500.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–मटलौंग, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बिचलाटोला, मटलौंग में चाहरदिवारी निर्माण। | 13,96,400.00 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–नामुदाग, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, भुईया टोला चेचन्धा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,27,100.00 | 20600.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | प्रखंड– मनिका, पंचायत–राकीकला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, मोहनटाड़ में चाहरदिवारी निर्माण। | 13,68,600.00 | 27400.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | प्रखंड– बरवाडीह, पंचायत–केचकी, राजकीय कृत मध्य विद्यालय, केचकी में चाहरदिवारी निर्माण। | 13,28,400.00 | 26600.00 | 2500.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग / भवन प्रमण्डल विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट (भारतीय स्टेट बैंक) के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्तें https://latehar.nic.in एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार।

PR 326873 (Rural Development) 24-25 (D)

## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा ।
## ई– अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या :–**01 /2024-25 / RWD /LOHARDAGA**
दिनांक 18.06.2024

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 03/ STPKG -03/ 2023-24 | मक्का से सेमरटॉड़ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–7.200 कि0 मी0)<br>होन्दागा से कुजरा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.150 कि0 मी0)<br>किस्को रिचुगुटा मेन रोड से फटीया टोली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.600 कि0मी0)<br>सेमरडीह से कोचा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–0.700 कि0 मी0)<br>आर0 ई0 ओ0रोड सिंजो मोड़ से बारडीह आर0 सी0 सी0 पुल तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.125 कि0 मी0)<br>आर0 ई0 ओ0रोड टोंगरी से तोरंग गॉव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.730 कि0 मी0)<br>आर0 ई0 ओ0रोड से राहे सीमाना भाया हुरहद गॉव तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.800 कि0 मी0)<br>एन0 एच0 हेंजला से कालीपुर सीमाना तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.200 कि0 मी0)<br>कचमची से ख्वासअम्बा भाया भीठा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.670 कि0 मी0) | 14,58,97,000.00 | चौदह करोड अन्ठावन लाख संतान्वे हजार रू0 मात्र । | 15 माह | पंचम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–20.06..2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 11.07..2024 अपराह्न 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.07.2024अपराह्न 12.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0.– 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी ।अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR 326818 Rural Work Department(24-25)D

# लोहरदगा नगर परिषद ने शहरी क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**खबर का असर**




सब्जी मार्केट में दस चक्का वाहनों के लगने से जाम की समस्या आम
अतिक्रमण के कारण बाइक से भी जाने में हो रही दिक्कत
अतिक्रमण से शहर की सब्जी मंडी भी अछूती नहीं
बड़ा तालाब के पास नो वेंडिंग जोन पर सज रहीं दुकानें
नो वेंडिंग स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण करना अवैध : ईओ जयपाल सिंह


लोहरदगा की सड़कों पर अतिक्रमण
शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की जरूरत
हर चौक-चौराहा व बाजार में अतिक्रमण होने से सड़कें हुई संकीर्ण
नवीन मेल संवाददाता

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** कुछ दिनों पूर्व लोहरदगा शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की जरूरत शीर्षक से राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से खबर चलाई थी। वही दो दिन पहले भी अतिक्रमण के कारण बाइक से भी जाने में हो रही दिक्कत, बड़ा तालाब के पास नो वेंडिंग जोन में लग रही दुकाने शीर्षक से भी खबर प्रमुखता से लगाई थी। राष्ट्रीय नवीन मेल की इन खबरो पर लोहरदगा नगर परिषद ने मुहर लगाते हुए बुधवार को शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार ने अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अपने अखबार में प्रमुखता से खबर चला रहा था। जिसपर कार्रवाई करने के लिए लोहरदगा नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह ने कही थी। बुधवार को नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा शहरी क्षेत्र के सोमवार बाजार से अपर बाजार तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इसकी शुरूआत सोमवार बाजार से की गई जो बड़ा तालाब होते हुए अपर बाजार तक गई। अभियान के दौरान दुकानदारों और सड़क नाले के ऊपर दुकान लगाने वाले लोगो को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। वही कुछ दुकानों से जुमार्ना वसूला गया। सड़क किनारे डंप की गई भवन निर्माण सामग्री के मालिकों से भी जुर्माना वसूला गया। अभियान में पाया गया कि कई लोगों ने नालियों पर अवैध निर्माण कर रखा था और कई दुकानदारों ने ठोस सामग्री बाहर रखी थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासक के द्वारा संबंधित व्यक्तियों को दो दिनों के भीतर अवैध निर्माण और सामग्री हटाने का निर्देश दिया गया। वही प्रशासक जयपाल सिंह ने नागरिकों से अपील किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखें, ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें, और अवैध निर्माण व अतिक्रमण न करें। इधर नगर प्रशासक जयपाल सिंह ने कहा कि शहर आपका है इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेवारी आपकी भी है। आपकी मदद से लोहरदगा शहर सुंदर बनेगा। उक्त अतिक्रमण में नगर प्रबंधक विजय कुमार, अनिल मिंज, एई सचिन कुमार, कनीय अभियंता सुशील कुमार मिंज, विक्रम कुमार, गौतम कुमार राम, संजय प्रसाद, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार, चंद्रकेतु प्रजापति, सुभाष पटनायक, आर्यन बर्मा, बीरेंद्र भगत, रमीज रजा, रमेश कुमार समेत नगर परिषद के कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पेशरार के सहेदापाट में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ




**लोहरदगा।** जिला के डीएमएफटी मद से पेशरार प्रखंड के सहेदापाट में तैयार आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ बुधवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गई। बताया गया कि यह जागरूकता अभियान दिनांक 19 से 26 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर नशीले पदार्थों के सेवन से होनेवाले नुकसान के बारे मे बताया और युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। डीएसडब्ल्यूओ द्वारा विभाग की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, शून्य से पांच वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, आधार सत्यापन आदि की जानकारी दी गईं। इस मौके बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कर्मी उपस्थित थे।

### राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया

**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलाम जीलानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के समक्ष पौधारोपण किया गया और रक्तदान शिविर लगाकर 12 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान में शाश्वत सिद्धार्थ भगत, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अमस अंसारी, नकीब अंसारी,जिला सचिव सुहैल अख्तर,जिला महासचिव इमरोज अंसारी, प्रत्यूष पांडे, दीपेश उरांव, वकील खान,विनोद भगत, जाहिद अंसारी, मोबिन अंसारी, सादाब रजा,आसिफ खान फागु उराव असीस लकड़ा मुराद अंसारी, मनिया कुरैशी, लछु उराव , इमरान अंसारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### कुडू में घर के बाहर से फिर एक बाइक की चोरी

**कुडू।** कुडू मेन रोड कृषि फार्म के सामने स्थित अर्श इंडेन ग्रामीण गैस वितरक एजेंसी के संचालक ओमकार प्रसाद के घर के बाहर खड़ी पैशन प्रो बाइक को अज्ञात चोरों ने चुरा लीया। इस संबंध में पीड़ित ने कुडू थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की भांति रविवार की रात घर के बाहर अपनी बाइक को हैंडल लॉक कर खड़ा किए हुए थे। सुबह उठने पर बाइक गायब था। काफी खोज बिन के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला तब कुडू पुलिस को मामले की सूचना दी और प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्ञात हो की कुडू थानाक्षेत्र में आए दिन बाइक चोरी की घटनाओं से लोग हलकान हैं।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में पलटी एसयूवी कार

**कुडू।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ के चिरी पुल के समीप तीखे घुमाव पर लोहरदगा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार महिंद्रा एक्स्युवी 700 कार निबंधन संख्या सीजी 08 बीए - 3366 अचानक अनियंत्रित होकर खड्डे में चली गई। गनीमत रही कि उसमें सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। उन्हें सामान्य चोटें आई है। वहीं दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंचे कुडू थाना के एएसआई सुकु सोरेन और श्रीकांत दास ने कार सवारों को बाहर निकाला और कार को कब्जे में लेकर थाना लाया।

## उपायुक्त ने की जिला समन्वय समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ करें : कर्ण सत्यार्थी




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया अपर समाहर्ता,एसडीओ चैनपुर, परियोजना निदेशक आईटीडीए समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा क्रमवार सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्य के विरूद्ध क्या उपलब्धि रही इसकी जानकारी ली गई। उन्होने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच आपसी सहभागिता को लेकर भी चर्चा की उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए सभी योजनाओं को सफल रूप देने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा सभी बीडीओ एवं सीओ को सभी पंचायतों को सशक्त एवं क्रियाशील करने का निदेश दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले के शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु टारगेट दिया जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी सीएससी केंद्रों में भी युद्ध स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी चेकअप एवं इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को भी शत प्रतिशत करने की बात कही। जिसपर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं को इमरजेंसी स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा मिले इसका ध्यान रखे, उन्होंने सभी प्रखंडों में ममता वाहनों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं गंभीर बीमारी योजना से भी अधिक से अधिक लाभुकों को अच्छादित करने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को जिले में 15 से 29 जून तक संचालित किए जा रहे आयुष्मान पखवाड़ा के संबंध में भी जानकारी दी । उपायुक्त ने कहा कि शत प्रतिशत योग्य लाभिको का आयुष्मान कार्ड बन सके इस लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । यदि कार्ड बनाने के संबंध में नागरिकों को समस्या हो तो प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से सभी समस्याओं का निवारण करें। इसके अलावा उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया जांच से संबंधित कहा कि जिले में 30 नवंबर तक शत प्रतिशत नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया जांच करवाना है जिसके लिए सभी प्रखंडों में नियमित जांच शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों एवं जिले के अधिकारियों को फील्ड विजिट करते हुए ग्रामीणों से मुलाकात करने एवं उनके समस्याओं के निवारण में सहयोग करने का निर्देश दिया उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में नियमित रूप से विभिन्न विभागों के द्वारा कैंप का आयोजन किया जाता है जिसे मॉनिटर करने के बहाने अधिकारी गांव का भी भ्रमण करें तथा नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दें। एवं अगले कुछ महीनों में सभी बीडीओ अपने क्षेत्र के सभी व्यक्ति से मिलें।

उपायुक्त ने पंचायत स्तरीय दवा दुकानों का लाइसेंस बनाने का भी निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने मातृ वंदना योजना का वृहद रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत शिक्षा विभाग को सभी छात्राओं की सूची एवं एप्लीकेशन समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि विभाग द्वारा शत प्रतिशत बच्चों को उक्त योजना से लाभान्वित किया जा सके। आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली, पानी एवं शौचालय बनाने की योजना पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया , एवं सभी संबंधित विभागों को अपने कार्यों को अविलंब पूर्ण करते हुए शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों में इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उपायुक्त ने निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों की भौतित स्थिति की भी समीक्षा की एवं संबंधित इंजीनियरिंग विभागों द्वारा निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान




**गुमला।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर जिला खेल कार्यालय, गुमला द्वारा जिले में संचालित सभी डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय,खेलो इंडिया सेंटर और आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालय के दर्जनों में छात्र-छात्राओं के साथ खिलाड़ियों ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने एवं इसके नुकसान को लेकर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए चार्ट पेपर पर रंगो के माध्यम से उकेरी तथा मादक पदार्थों को रोकने हेतु अपनी अपील आम जनों से की। वहीं खेल विभाग के प्रशिक्षक बिना केरकेट्टा, मनोज पाल, इमरान अली, संभू कुमार, महावीर लोहरा, रिजवान अली, संदीप, निर्मला, रेशमा बानू, अनीता, कुसुम, रायमुनी, सुबीर कुजूरआदि की उपस्तिथि रहे। ज्ञातव्य हो जिले के विभिन्न प्रखंडों समेत जिला मुख्यालय में 19 जून से 26 जून पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, योग कार्यक्रम, युवा संगोष्ठी, क्विज कंपटीशन, प्रभात फेरी, भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन, साइकिल रैली समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## सीजेएम ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक, कहा

# अभियुक्त व गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार अनुसार आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर लोहरदगा के सभी थाना प्रभारियों के साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, वरिय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता तिर्की एवं अनुमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता ने बैठक की। सीजेएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान के तहत जिन दांडिक वादों को चिन्हित किया गया है उनसे संबंधित अभियुक्त एवं गवाहों को स- समय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो नोटिस विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किए जा रहे हैं। उसे अविलंब तामिला कराकर न्यायालय को वापस करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके। डालसा सचिव राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन अभियुक्त को थाना द्वारा पकड़ा जाता है और जिन्हें जेल भेजना अनिवार्य है, गिरफ्तारी मेमो बनाते समय ही एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को उनके मोबाइल पर सूचना दी जाए ताकि वह रिमांड के समय उपस्थित रह सके। मीटिंग में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने भी कोर्ट संबंधित समस्याओं की चर्चा की।

## लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण हुआ रद्द

# खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात व पैरवी नहीं होनी चाहिए : डॉ रामेश्वर उरांव

- *दोनों टीम हुए संयुक्त विजेता घोषित*
- *लोहरदगा को खेल हब बनाना हमारा उद्देश्य : धीरज प्रसाद साहू*
- *लोहरदगा के खिलाड़ियों में प्रतिभा है, इंफ्रास्ट्रक्चर भी है, आगे बढ़ेंगे जरूर : डीडीसी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण रद्द घोषित कर लोहरदगा लाइन्स और लोहरदगा सुपर किंग क्रिकेट दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मौके पर वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, पी एन सिंह जॉइंट सचिव झारखण्ड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन तथा रणजी खिलाडी आशीष कुमार, अमित कुमार, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल समेत अन्य गन्य मान्य उपस्थित थे। मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि खिलाड़ियों का चयन मे पक्षपात और पैरवी से नहीं होना चाहिए ताकि किस बच्चे में कैसी प्रतिभा है उसे कुंठित न करे बल्कि प्रोत्साहित करें। खिलाडी भी गंभीरता से खेले और आगे बढे। छोटे से छोटे भी जॉब मिलता है तो उसी मे मेहनत कीजिए। खेल को रोजगार से झारखण्ड सरकार ने जोड़ा है। 2% नौकरी खिलाड़ियों को मिलेगी। पूर्व राज्य सभा सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा की लोहरदगा को मेरी दिली इच्छा है की खेल हब बनाया जा सके। इसके लिए क्रिकेट स्टेडियम, फुटबॉल स्टेडियम और राइफल सूटिंग सहित अन्य खेलों निमित्त कार्य कर रहा हूं। जनवरी मे क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन ऐतिहासिक होगा और आईपीएल के तर्ज पर भारतीय स्तर तथा अंतराष्ट्रीय खिलाडियों से सुज्जित टीमों का खेल लोहरदगा मे होगा। जिसका आयोजन भव्य होगा। डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत ने कहा की लोहरदगा मे खिलाडियों मे प्रतिभा है और खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। एक दिन राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाडी लोहरदगा के होंगे। मंच संचालन क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय तथा धन्यवाद ज्ञापन क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता द्वारा किया गया लोहरदगा लियोन तथा लोहरदगा सुपर किंग जॉइंट विजेता घोषित हुए। इस अवसर पर अशोक यादव, निशीथ जायसवाल, सतीश वर्मा, मुकेश दुबे, किशोर वर्मा एवं सरोज प्रजापति उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरुद्ध एक सप्ताह तक चलेगा जागरूकता अभियान

# लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाना है : डीडीसी

- *उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाने की दिशा में अभियान की शुरूआत के रूप में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ को आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य को नशामुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला में भी जागरूकता अभियान 19 से 26 जून 2024 तक जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक चलाया जाएगा। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसम्पर्क, नगर परिषद, पुलिस विभाग, जेएसएलपीएस के अलावा कई संस्थाएं भी अपने-अपने स्तर से जागरूकता अभियान में शामिल होंगे।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### नशे की लत में आसानी से आ रहे बच्चे

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के दौर में बच्चे आसानी से नशे की लत में आ जा रहे हैं। किशोरों में आज यह तेजी से बढा है। लोहरदगा जिला प्रशासन ने यह संकल्प लिया है कि लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाए ताकि नशे से छुटकारा मिल सके। स्कूल व कॉलेज में भी यह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें युवाओं को जागरूक करने में मदद मिलेगी। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा। अगर कोई नशा के प्रभाव में बच्चे/युवा या कोई व्यक्ति पाया जाता है उन्हें नशामुक्त किया जाएगा।

### किस प्रखंड में कब चलेगा जागरूकता रथ

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ लोहरदगा जिला में 20 जून को कैरो प्रखण्ड, 21 जून को किस्को प्रखण्ड, 22 जून को कुडू प्रखण्ड, 23 जून को भण्डरा प्रखण्ड, 24 जून को पेशरार प्रखण्ड, 25 जून को सेन्हा प्रखण्ड और 26 जून को कुडू प्रखण्ड में भ्रमणशील रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर करौंदी नगर स्थित गांधी मोहल्ला में केक काटा



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के सुपरशक्ति से झारखंड राज्य कोऑर्डिनेटर निशा भगत के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर गुमला प्रखंड क्षेत्र के करौंदी नगर स्थित गांधी मोहल्ला में राहूल गांधी का जन्मदिन के रूप में मनाया गया और केक काटकर खुशी मनाई गई।इस मौके पर राज्य कोऑर्डिनेटर निशा भगत गुमला जिला कोऑर्डिनेटर अंजलि बाड़ा, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के गुमला जिला अध्यक्ष हंदू भगत कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम के अलावा राजू महतो उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित थे। मौके पर केक काटा गया और साथ ही साथ पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए निशा भगत ने कहा कि राहुल गांधी देश के जननायक हैं और आने वाले समय में देश का नेतृत्व करेंगे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। इसका परिणाम है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत प्राप्त हुआ और मोदी को सरकार बनाने में गठबंधन का सहारा लेना पड़ा। मौके पर संविधान की रक्षा के लिए शपथ दिलायी गयी, आगे उन्होंने कहां की मोदी सरकार के समय में जनता महंगाई की मार झेल रही है। हिंदू भगत, विष्णु राम, उषा नायक, राजू महतो, जयदेव नायक, अंजलि वादा, मावली देवी, राधा देवी, भूषण नायक, छोटू नायक, देवकी देवी, रीको देवी, संजय नायक, सहित काफी संख्या में अन्य अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन

**कुडू।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कुडू प्रखण्ड क्षेत्र में सिकल सेल डिजीज (एससीडी) की जांच की गई और इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुडू में बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होररो, सीडीपीओ सोनिया मंजुल ने दीप प्रजवलित कर किया। मौके पर सभी छात्राओं की एससीडी जांच की गई साथ ही नशामुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई। डॉ सुलामी होररो ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक आनुवंशिक बीमारी है। जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार अर्द्धचंद्र या हंसुआ जैसा हो जाता है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इसका पता बिना खून जाँच के नहीं चलता, इस लिए परिवार का वैसे सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं। इसके प्रमुख लक्षणों में पीलापन दिखाई देना, बार-बार बीमार होना, थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना, रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना, जोड़ों में दर्द या सूजन, छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ और पेट में दर्द होना आदि है। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड में सिकल सेल की जांच हेतु आज चार हजार का लक्ष्य निर्धारित है। मौके पर बीपीएम सरोजिनी केरकेट्टा, लैब टेक्नीशियन मो आफताब आलम, स्कूल की वार्डन, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थीं।

### पिकअप के धक्के से बालक का पैर टूटा

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के गजनी निवासी प्रेमचंद टाना भगत का 12 वर्षीय पुत्र पवन टाना भगत का पैर पिकअप मोटर वाहन के टक्कर से टूट गया।जानकारी के अनुसार पवन टाना भगत कैरो की ओर से अपने गांव गजनी जा रहा था कैरो चट्टी मुख्य सड़क में खंडा महावीर मंदिर के पास एक पिकअप गाड़ी ने एक बच्चे को टक्कर मार दिया। जिसमें बच्चा का एक पैर टूट गया। पवन टाना भगत महावीर मंदिर के सामने चापानल से पानी पीने के लिए मुड़ रहा था। तभी कैरो की ओर से चोकर लदी पिकअप गाड़ी ने पवन को टक्कर मार दिया। जिसमें 12 वर्षीय छात्र का एक पैर पूरी तरह से टूट गया। दुर्घटना को देखकर ग्रामीण काफी संख्या में जुटे। सूचना मिलने पर कैरो थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर गाड़ी के चालक को अपने कब्जे में ले लिया। बच्चे को इलाज के लिए भेजकर पुलिस अग्रतर करवाई में जुड़ गई।

### गुमला शहरी क्षेत्र में वृहद पैमाने पर अतिक्रमण हटाने को चलाया अभियान

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में आज दिनांक 19 जून 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर अपराह्न 2:30 बजे तक नगर परिषद गुमला क्षेत्र अंतर्गत पालकोट गुमला में बृहत पैमाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी/ प्रशासक दिलीप कुमार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आज के अतिक्रमण अभियान की शुरूआत नगर परिषद् क्षेत्र में स्थित पुग्गू पुल के पास से की गई एवम अंत नगर परिषद कार्यालय के पास किया गया। अतिक्रमण के क्रम में कई दुकानदारों से जुमार्ना स्वरुप भारी राशि की वसूली की गई। कुछेक दुकानदारों के द्वारा जुमार्ना की राशि देने से इनकार किया गया जिस पर नगर परिषद की टीम द्वारा कड़ी रुख अपनाते हुए उनके सामानों को जब्त कर लिया गया। उन्होंने जानकारी दी की पालकोट रोड स्तिथ आदित्य विजन नामक प्रतिष्ठान से ट्रेड लाइसेंस की मांग करने पर उनके द्वारा बतलाया गया की वे बिना ट्रेड लाइसेंस के दूकान संचालित कर रहें है। जिस पर नगर परिषद के द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया एवं कड़ा रुख अपनाते हुए जुमार्ना स्वरूप 5000 की राशि अधिरोपित करते हुए जुर्माना की राशि तत्काल देने हेतु दुकान के प्रबंधक को निर्देशित किया गया। प्रबंधक के द्वारा आनाकानी करते हुए उक्त राशि नहीं देने की बात की गई। इस पर बाध्य होकर नगर परिषद की टीम के द्वारा उक्त दुकान को सील करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाने लगी। जिसके तुरंत बाद प्रतिष्ठान के प्रबंधक के द्वारा 5000 की दंड शुल्क राशि नगर परिषद की टीम को दी गई। इसी तरह सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से डंप किया गया भवन निर्माण सामग्री के कई मालिकों से जुमार्ना स्वरूप मोटी राशि की वसूली की गई। अतिक्रमण के क्रम में प्रायः देखा गया कि काफी लोगों के द्वारा नालियों पर अपना ठोस निर्माण किया गया है साथ ही कई दुकानदारो के द्वारा अपने दुकान का ठोस सामग्री कई दिनों तक बाहर रखा गया है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है।

# ईएसआईसी से अप्रैल में जुड़े 16.47 लाख नए कर्मचारी, 7.84 लाख युवाओं को मिला अवसर

**नई दिल्ली।** देश में हाल ही में 16 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। रोजगार पाने वालों में बड़ी संख्या में युवा शामिल हैं। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी अच्छी खासी है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के मुताबिक इसी साल अप्रैल में 16 लाख से ज्यादा नए कर्मचारी जुड़े हैं। यह जानकारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अनंतिम पे-रोल डेटा से पता चला है। मंत्रालय के मुताबिक ईएसआईसी का पे-रोल का डेटा बताता है कि अप्रैल 2024 में कुल 16.47 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लगभग 18,490 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक इससे अधिक श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

### सूचना

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–326261 Building(24-25)D एवं निविदा आमंत्रण सूचना सं0–(01/2024-25) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा के क्र0सं0–20 (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गडगोमा में चाहरदिवारी निर्माण) पर अंकित योजना को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.326850 Building(24-25):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना

**(मृत अज्ञात महिला के शव का फोटो, उम्र करीब–22 वर्ष)**



भण्डरिया थाना कांड सं0–43/2024 दिनांक–15.05.24, धारा–302, 201, भा0द0वि0 में भण्डरिया थाना के द्वारा दिनांक–15.05.2024 को ग्राम मदगड़ी (क) टोला चिरईयां टॉड़ के खजूरबनवा जंगल में एक अज्ञात महिला का शव सड़ा–गला अवस्था में बरामद किया गया है। उक्त महिला के शव का पहचान कराने हेतु काफी प्रयास किया गया परन्तु शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात महिला के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलियाः–**
रंग–गोरा, उंचाई–करीब 05 फिट 02 इंच,
उम्र–22 वर्ष करीब, पहनावा–कत्था रंग का सलवार शूट एवं दाहिना पैर में काला रंग का धागा पहना हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 326859 Police(24-25)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना।

( अज्ञात क्षत–विक्षत कंकाल शव का फोटो)



केतार थाना कांड सं0–32/2024 दिनांक–11.06.24, धारा–302, 201, भा0द0वि0 में केतार थाना के द्वारा दिनांक–11.06.2024 को केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत पाचाडुमर बाजारी घाटी जंगल में एक अज्ञात क्षत–विक्षत कंकाल शव बरामद किया गया है। उक्त अज्ञात शरीर के कंकाल का आधा अधुरा हडडी, जैसे–खोपड़ी, जबड़ा, कमर का हडडी, हॉथ का हडडी का कुछ हिस्सा एवं अन्य शरीर का हडडी का हिस्सा, खुन लगा हुआ नीला रंग का फटा हुआ चेकदार लुंगी, मटमैला रंग का खुन लगा फटा कुर्ता, लाल रंग का प्लास्टिक का चुनौटी, एक जोड़ा गहरा नीला रंग का चप्पल, काला+ हरा+ लाल रंग से जुड़ा हुआ धागा के साथ चेन में लगा हुआ दो चाभी पथरीली भूमि पर बिखरा हुआ था उक्त कंकाल को एकत्रित कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। उक्त बरामद अज्ञात क्षत–विक्षत कंकाल शव का पहचान कराने हेतु काफी प्रयास किया गया परन्तु उक्त क्षत–विक्षत कंकाल शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात क्षत–विक्षत कंकाल शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.326857 Police(24-25):D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### e-पुनर्निविदा सूचना

e-पुनर्निविदा सूचना संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 19/2023-24
पत्रांक– 354 लातेहार/दिनांक–18.06.24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार के प्रमंडलीय कार्यालय भवन एवं चाहरदिवारी निर्माण कार्य, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 230.22 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.06.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 18.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.07.2024 1.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 326831 Water Resource(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 02/2024–25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.06.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.06.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गडगोमा में चाहरदिवारी निर्माण। | 5,4 2,013 /- | 11,000/ - | 125 0/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 326852 Building(24-25)#D

## न्यायालय– जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार।

(नीलाम पत्र कार्यालय)

### नोटिस

चूँ बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपके द्वारा बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को जमा करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

अतएव आपको आदेश दिया जाता है कि बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को यथाशीघ्र जमा करते हुए दिनांक ,**12.07.2024 (शुक्रवार)** को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बिहार–उडीसा पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा–38 के तहत गिरफ्तारी एवं धारा–18 के तहत कुर्की जब्ती या दोनों धाराओं के अधीन विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बकायादारों की सूची (विवरणी सहित) निम्नवत है:–

| कम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 153 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | गिरेन्द्र कुमार, पिता राजकुमार यादव, ग्राम–हेरहंज, पो0–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 338683.00 |
| 2 | 154 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | परशुराम लोहरा, पिता कैल लोहरा, ग्राम–होटवाग, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 272613.00 |
| 3 | 155 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | लालबिहारी यादव, पिता मुनेश्वर यादव, ग्राम–तुम्बागढ़ा, पो0–पाकीकला, थाना–मनिका, जिला – लातेहार | 288892.00 |
| 4 | 157 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | खुशैल साव, पिता रामेश्वर साहु, ग्राम–आरा, पो0+थाना– बालूमाथ, जिला–लातेहार | 205493.00 |
| 5 | 158 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राकेश कुमार, पिता शिव प्रसाद साहु, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 276864.00 |
| 6 | 159 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | महेन्द्र यादव, अजीत बुट हाउस, पिता करमजीत यादव, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 534613.00 |
| 7 | 160 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अवध किशोर प्रसाद, पिता शिव प्रसाद, ग्राम–चटनाही, पो0+ जिला–लातेहार | 348493.00 |
| 8 | 161 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | श्री धंनजय झा, पिता नारायण झा, ग्राम–बालहपोर, पो0–मोतीहारी, जिला–बिहार | 288788.00 |
| 9 | 252 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अरूण कुमार सिंह, पिता तुलसी प्रसाद सिंह, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 173835.00 |
| 10 | 259 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | गोपाल प्रसाद, पिता नन्द किशोर गुप्ता, ग्राम–माको बंगला, पोचरा रोड, करकट, पो0–लातेहार, जिला–लातोहर | 126691.00 |
| 11 | 260 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रविन्द्र यादव, पिता सरधु यादव, ग्राम–कुरियामखुर्द, होटवाग, पो0 – होटवाग, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 109234.00 |
| 12 | 261 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राजा कुमार, पिता सरयु प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 150053.00 |
| 13 | 262 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जितेन्द्र कुमार तुरी, पिता बन्धन तुरी, ग्राम–ओल्हेपाट, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 138351.00 |
| 14 | 263 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | पवन कुमार, पिता विन्दा प्रसाद, ग्राम–मनिका, पो0 – मनिका, थाना–मनिका, जिला–लातेहार | 184006.00 |
| 15 | 264 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | शिवनारायण साव, पिता सोमर साव, ग्राम–नगड़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 175667.00 |
| 16 | 265 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | सोनी, पिता मो0 सनाउल, ग्राम–रामपुर, पो0–बारी, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 243404.00 |
| 17 | 266 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | नागेश्वर साव पिता गणेश साव, ग्राम–नगर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 152645.00 |
| 18 | 267 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रीता देवी पति अजय कुमार पाठक, ग्राम–केहरा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 67434.00 |
| 19 | 269 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामस्वरूप पाण्डेय पिता कृष्णा पाण्डेय, ग्राम–बालूमाथ, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 86400.00 |
| 20 | 270 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जितेन्द्र कुमार साव पिता सिवान साव, ग्राम–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 95466.00 |
| 21 | 272 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | प्रेम साव पिता सिवन साव, ग्राम+पो0–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 95466.00 |
| 22 | 275 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | प्रेम साव पिता सिवन साव, ग्राम+पो0–मुरपा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 74772.00 |
| 23 | 276 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | गुलाम मोहम्मद पिता करामत मिंया, ग्राम– नवादा, पो0 +थाना – बालूमाथ, जिला–लातेहार | 64800.00 |
| 24 | 277 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राहुल कुमार पिता मोहन प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना–मनिका, जिला–लातेहार | 66600.00 |
| 25 | 280 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | कुलदीप राणा, पिता नागेश्वर राणा, ग्राम–शेरेगढ़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 57600.00 |
| 26 | 281 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बसंत कुमार पिता धनुषधारी प्रसाद, ग्राम–बेलवाडीह, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 72000.00 |
| 27 | 282 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | प्रथम यादव पिता केश्वर यादव, पो0+जिला–लातेहार | 72000.00 |
| 28 | 284 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | महेश्वर सिंह पिता लक्ष्मी नारायण सिंह, ग्राम– डेमू , पो0–डेमू, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 57600.00 |
| 29 | 286 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | कलेश्वर यादव, पिता किरात यादव, ग्राम–शेरेगढ़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 57600.00 |
| 30 | 287 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अखिलेश कुमार यादव, पिता ईश्वरी यादव, ग्राम–शेरेगढ़ा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 68200.00 |
| 31 | 288 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | संजय ट्रासपोर्ट एजेन्सी गाउडर, ग्राम–अम्बाकोठी, लातेहार, पो0+जिला–लातेहार | 68200.00 |
| 32 | 289 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जाहिद मिंया, पिता खलील मिंया, ग्राम+पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 62000.00 |
| 33 | 290 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | सुनिल पाण्डेय, पिता राजेन्द्र पाण्डेय, ग्राम+पो0–चेताग, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 74400.00 |
| 34 | 292 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | जामिल अख्तर पिता स्व0 मो0 इजराईल, ग्राम+पो0–पिरदाग, थाना– चंदवा, जिला–लातेहार | 75817.00 |
| 35 | 293 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–मतकोमा, पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 28800.00 |
| 36 | 295 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रामनन्दन कुमार सिंह, पिता धर्मदेव सिंह, ग्राम–बारीबाद, मतकोमा पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 36000.00 |
| 37 | 296 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 तजीम पिता मो0 रजाक, ग्राम–लाधूप सेन्हा, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 49600.00 |
| 38 | 297 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | पंकज कुमार, पिता अवधेश सिंह, ग्राम–लावागड़ा ईचाक, पो0– हेरहंज, जिला–लातेहार | 45000.00 |
| 39 | 298 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रोहित यादव पिता नन्दु यादव, ग्राम–निन्द्रा, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 37761.00 |

इसे सख्त ताकिद समझा जाय।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 326858 (District) 24-25 (D)

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य पालकों के लिए फीड बेस्ड फिशरीज योजना अन्तर्गत अनुदान पर फिश फीड हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कृषि, पशपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 04 रा0/(वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्वार योजना अन्तर्गत अतिरिक्त मछली उत्पादन हेतु अनुदान पर झास्कोफिश फिश फीड उपलब्ध कराने की योजना है। लक्ष्य निम्नवत् हे :–

| क्र0 सं0 | लघुशीर्ष | झास्कोफिश / विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड के क्रय का भौतिक लक्ष्य (टन में) | कुल लक्ष्य (टन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 796 | 6 | 6 | 17 |
| 2 | 789 | 5 | 0 | |

- विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा 25/– रू0 प्रति कि0ग्राम अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवक्तायुक्त 2mm से 4mm तक का फिश फीड को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
- मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के कय पर भी 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 फीड की दर से हीं अनुदान देय होगा।
- एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 कि0ग्रा0 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के दर पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बायोफ्लॉक टैंक तथा बायोफ्लॉक तालाब में मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को अधिकतम कुल 1200 किलोग्राम 2mm अथवा इससे बड़े 4mm तक साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर मो0 25/रु0 मात्र प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में लातेहार जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से प्रत्येक कार्य दिवस को निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदधिकारी,
लातेहार

PR 326881 Fish(24-25).D

## न्यायालय- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार

(नीलाम पत्र कार्यालय)

### नोटिस

चूँ बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आपके द्वारा बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को जमा करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

अतएव आपको आदेश दिया जाता है कि बकाया वाहन रोड टैक्स की राशि जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार को यथाशीघ्र जमा करते हुए दिनांक 05.07.2024 (शुक्रवार) को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बिहार–उडीसा पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा–38 के तहत गिरफ्तारी एवं धारा–18 के तहत कुर्की जब्ती या दोनों धाराओं के अधीन विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बकायादारों की सूची (विवरणी सहित) निम्नवत है:–

| क्रम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 112 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | उज्जवल दास, पिता कुमार दत्ता, ग्राम–अलौदिया, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 181057.00 |
| 2 | 113 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | महेन्द्र गंझु पिता जयनाथ गंझु, ग्राम–अमरवाडीह, पो0–गणेशपूर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 602183.00 |
| 3 | 114 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अमित आनन्द, पिता मंजीत प्रकाश, ग्राम–पमरीनल, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 174117.00 |
| 4 | 115 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | विनोद प्रसाद गुप्ता, पिता बारसी साह, ग्राम–बाईपास चौक, लातेहार, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 271099.00 |
| 5 | 116 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 मोजीबुल रहमान, पिता हाफिज उरवर्सी, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 205323.00 |
| 6 | 117 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राकेश कुमार पिता शिव प्रसाद साहु, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 184819.00 |
| 7 | 118 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | धनेश्वर महतो, पिता उधेश महतो, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 277204.00 |
| 8 | 119 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | आशीष कुमार, पिता ओम प्रकाश गुप्ता, मेन रोड, चंदवा, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 172259.00 |
| 9 | 120 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अवध किशोर प्रसाद, पिता स्व0 प्रसाद साव, ग्राम–करकट, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 281742.00 |
| 10 | 121 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | त्रिवेणी प्रसाद साहु, पिता शीतल प्रसाद, ग्राम+पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 127711.00 |
| 11 | 122 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | राम विलास वर्मा, पिता कृष्ण वर्मा, ग्राम–विशनपुर, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 183940.00 |
| 12 | 123 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | उज्जवल दास, पिता सही कुमार गुप्ता, ग्राम–अलौदिया, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 181057.00 |
| 13 | 124 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 सबीर, पिता अब्दुल सकूर, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 277204.00 |
| 14 | 125 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मनोज सिंह, पिता तुलसी सिंह ग्राम–बानालात, पो0–चेडरा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 282058.00 |
| 15 | 126 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बिरजु मिस्त्री, पिता रामकिशुन मिस्त्री, ग्राम–बिनगडा, नावागढ, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 285497.00 |
| 16 | 127 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | लाल बिहारी यादव, पिता मुनेश्वर यादव, ग्राम–तुम्बागढा, पो0–राकीकला, थाना– मनिका, जिला–लातेहार | 287268.00 |
| 17 | 128 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रमेश पाण्डेय, पिता राजेश पाण्डेय, ग्राम–चेताग, पो0–चेताग, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 363216.00 |
| 18 | 130 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अलताफ हुसैन, पिता मोतील अंसारी, ग्राम–नारी, पो0–किस्को, जिला–लोहरदगा | 176423.00 |
| 19 | 131 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | पंकज कुमार, पिता जयायाम प्रसाद, पो0– नगर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 380335.00 |
| 20 | 132 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | नकुलदेव सिंह, पिता नागेश्वर सिंह, ग्राम–कामता, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 201574.00 |
| 21 | 133 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | शमशेर सिंह, पिता यमुना प्रसाद सिंह ग्राम+पो0–फुलसू, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 434973.00 |
| 22 | 134 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मुकेश यादव, पिता स्व0 दशरथ यादव, ग्राम–होटवाग, पो0–पोचरा, थाना+जिला–लातेहार | 777158.00 |
| 23 | 136 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बिरबल उरांव, पिता स्व0 बैजू उरांव, ग्राम–जलता, पो0–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 115055.00 |
| 24 | 137 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | शिवनाथ राय पिता देवानन्द राय, ग्राम+पो0–मुकुन्द, थाना–जानदाहा, वैशाली, जिला –लातेहार | 354808.00 |
| 25 | 138 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | आफताब आलम, पिता अब्दूल कलाम, ग्राम–गुरगुनवा, पो0–नावागढ़, थाना+जिला–लातेहार | 355188.00 |
| 26 | 139 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | सत्येन्द्र साव पिता कैलाश साव, ग्राम–बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 443222.00 |
| 27 | 140 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 सैमुल पिता मो0 इस्लाम, ग्राम–चैती, पो0–बारियातु थाना–केरेडारी, जिला–हजारीबाग | 387764.00 |
| 28 | 141 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मदन मोहन प्रधान, पिता विनोद प्रधान, ग्राम–चन्दनडीह, पो0–लातेहार, थाना+जिला–लातेहार | 387112.00 |
| 29 | 142 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | सुषमा देवी, पति युगेन्द्र यादव, ग्राम–बालू, बरवाडीह, पो0–चदंवा, जिला–लातेहार | 204759.00 |
| 30 | 143 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | इसार प्राजेक्ट इंडिया लि0, पो0–दामोदर, थाना–चदंवा, जिला–लातेहार | 138230.00 |
| 31 | 145 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | रूपेश कुमार, पिता बालेश्वर प्रसाद, ग्राम+पो0–शेरेगढ़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 460248.00 |
| 32 | 146 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | लाल धनश्याम शाहदेव, पिता लाल राजेन्द्रनाथ शाहदेव, ग्राम–बारी, पो0–सेरक, थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 276054.00 |
| 33 | 147 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | बजरंग कुमार, पिता जयनन्दन प्रसाद, ग्राम– नगडा, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 443346.00 |
| 34 | 148 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अवध किशोर प्रसाद, पिता शिव प्रसाद, ग्राम–चटनाही, पो0+ जिला–लातेहार | 850173.00 |
| 35 | 149 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मो0 रहमतुला, पिता मो0 शफीक, ग्राम+पो0–शेरेगढ़ा, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार | 200787.00 |
| 36 | 150 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | मुकेश प्रसाद, पिता विमल प्रसाद, ग्राम–सतवागढ़ी, पो0–हरिहरगंज, जिला–पलामू | 279499.00 |
| 37 | 151 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | अखिलेश कुमार सिंह, पिता रामनरेश सिंह, ग्राम–इन्द्रापुरी, रोड न0–1, आर0डी0एस0, रांची। | 206168.00 |
| 38 | 152 | 2021-22 | जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार | शिवचन्द्र सिंह, ग्राम–कामेर आश्रम, पो0–कांके, थाना–रातु, रांची। | 277509.00 |

इसे सख्त ताकिद समझा जाय।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार

PR 326862 District(24-25).D

कोई भी व्यक्ति ऊंचे स्थान पर बैठकर ऊंचा नहीं हो जाता बल्कि हमेशा अपने गुणों से ऊंचा होता है : चाणक्य

## बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ सभी को मिले

**देश** विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है पर लाखों आम भारतीय, जिनके पास कोई अपनी संपत्ति या सामाजिक सक्रियता नहीं है, कम आय और बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। ग्रामीण भारत के संकट और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी ऐतिहासिक है पर चूंकि राजनीतिक सक्रियता और कुछ चल पड़े व्यवसाय में कुछ लोगों की आय अच्छी हो गई है तो दोनों वर्गों के बीच आर्थिक खाई भी बढ़ी है। हिंदी पट्टी में भर्ती परीक्षाओं में 'पेपर लीक' के कारण परीक्षाओं के रद्द होने की घटनाएं इसके कई संकेत देती हैं। भारत कई अरबपतियों के साथ तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो सकता है, लेकिन यह बहुत ही असमान समाज है, जहां लाखों लोग सिर्फ जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि देश का जो विकास हुआ है, उसे नजर अंदाज कर दिया जाए। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने ग्रामीण भारत, जहां अब भी अधिकांश भारतीय रहते हैं, की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। एक दशक पहले की तुलना में देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुना हो गई, और 10,000 किलोमीटर सड़कें तथा 15 गीगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता प्रति वर्ष बढ़ाई गई है। विकास के और भी बहुत से काम किए गए, लेकिन वास्तविकता यह है कि इसका लाभ अभी तक ग्रामीण आबादी, विशेषकर गरीबों तक नहीं पहुंचा है। देश में करीब 80 करोड़ लोग सरकार की मुफ्त राशन योजना पर निर्भर हैं। गरीब राज्यों के गांवों में लोग राजमार्गों, नकद हस्तांतरण, सब्सिडी वाली रसोई गैस, नल से जल और मुफ्त राशन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी लाभों की प्रशंसा करते नहीं थकते। फिर भी किसानों की शिकायत है कि खेती लगातार घाटे का सौदा होती जा रही है। औसत वार्षिक कृषि वृद्धि आमतौर पर तीन प्रतिशत होती है, जो 2023-24 में केवल 1.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा, उच्च खाद्य कीमतें भी हैं। तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये की किसान सम्मान निधि मददगार तो है, लेकिन कई किसान बेहतर आय चाहते हैं। बुनियादी ढांचे का विकास अब उतना श्रम-प्रधान नहीं रह गया है और यह पूरी तरह से आजीविका की समस्याओं का समाधान नहीं करता है। जीडीपी बढ़ने के साथ घरेलू कर्ज में वृद्धि और घरेलू बचत में गिरावट आ रही है। लेकिन ग्रामीण संकट और रोजगार के संकट के साथ-साथ लग्जरी कारों, अपार्टमेंटों और अन्य लग्जरी चीजों की मांग भी देश में बढ़ रही हैं। गांवों और शहरी झुग्गियों में ऐसे लाखों लोग हैं, जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और दिल्ली स्थित मानव विकास संस्थान द्वारा जारी भारत रोजगार रिपोर्ट-2024 में बताया गया है कि 'वर्ष 2012-22 के दौरान आकस्मिक मजदूरों की मजदूरी में मामूली वृद्धि हुई और नियमित श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर रही या घट गई। वर्ष 2019 के बाद स्वरोजगार करने वालों की वास्तविक आय में भी गिरावट आई। कुल मिलाकर, मजदूरी कम बनी हुई है। देश भर में 62 प्रतिशत अकुशल अस्थायी कृषि श्रमिकों और निर्माण क्षेत्र के 70 प्रतिशत ऐसे श्रमिकों को 2022 में निर्धारित दैनिक न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिली।' वर्ष 2000 से ही सेवा क्षेत्र भारत के विकास का प्रमुख वाहक रहा है। सॉफ्टवेयर, आईटी, आईटी से जुड़ी सेवाएं, व्यवसाय और वित्तीय सेवाओं ने प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा किए और अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार को बढ़ावा दिया है, लेकिन हर कोई इन उभरते अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम नहीं है। निचले पायदान पर, हाशिये पर और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग चाहते हैं कि नई सरकार वास्तविक जीवन के इन मुद्दों पर ध्यान दे। आने वाले महीनों में ये सवाल जोर-शोर से उठेंगे और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

इन दिनों

# भीषण गर्मी में मजदूरों की फिक्र भी जरूरी



प्रियंका सौरभ

**देश** में पड़ रही भीषण गर्मी से डेली वर्कर्स, विशेषकर डिलीवरी कर्मियों, ईंट-भट्ठों पर काम करने वालों और दिहाड़ीदार मजदूरों के लिए कामकाजी परिस्थितियां गंभीर हो गई हैं। भीषण गर्मी ने खुला काम करने वाले वर्कर्स के लिए कठोर कार्य स्थितियों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। इस भीषण गर्मी में कई लोग खुले वातावरण और गर्म मौसम में काम करने के लिए मजबूर हैं। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत में हाल ही में कई क्षेत्रों में तापमान को 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच दआ, जिससे डेली वर्कर्स, खासकर डिलीवरी कर्मियों और दिहाड़ीदार मजदूरों के सामने आने वाली चुनौतियों में इजाफा हुआ है। इस प्रकार के खुला काम करने वाले इस दौरान श्रमिक पर्याप्त स्वास्थ्य-सुरक्षा उपायों और न्यूनतम ब्रेक के बिना चरम मौसम की स्थिति के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण गर्मी से थकावट और निर्जलीकरण से पीड़ित हुए हैं, जिससे पता नहीं कितनों की जान असमय गई है। दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं। ये नौकरियां लचीलापन प्रदान करती हैं, लेकिन इन लोगों को पारंपरिक रोजगार से जुड़े लाभों और सुरक्षाओं का अभाव होता है। अगर वे काम नहीं करेंगे, तो उनके घर खाना नहीं पकेगा। यह उनके जीवन-यापन का एकमात्र साधन है। ऐसे लोग अकसर काफी गरीबी में जीने के लिए विवश होते हैं। साफ पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं से वंचित झुग्गियों के घर टिन या तारपोलिन की छतों के नीचे तपती गर्मी झेलते हैं। चूंकि ये काम ज्यादातर खुले वातावरण में ही करने पड़ते हैं, तो भीषण गर्मी में इन लोगों के बीमार पड़ने का खतरा भी ज्यादा रहता है। ऐसे श्रमिकों को अक्सर स्वास्थ्य बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ या सवेतन अवकाश की सुविधा नहीं मिलती, जिससे बीमारी या चोट के समय वे आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। श्रमिकों की आय अत्यधिक परिवर्तनशील और अप्रत्याशित होती है, जिससे वित्तीय योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों को कठोर कार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें चरम मौसम का सामना करना भी शामिल है। इनको आमतौर पर स्वतंत्र ठेकेदारों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे उन्हें कई श्रम सुरक्षा से वंचित रखा जाता है जो औपचारिक कर्मचारियों को प्राप्त होती हैं। ऐसे विपरीतस मय में श्रमिकों को संरक्षण और निष्पक्ष व्यवहार के लिए आवश्यक प्रबंध करने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए वर्कर्स को स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करना बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए: राजस्थान प्लेटफार्म आधारित वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023 का उद्देश्य वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल कायम करेगा। वर्कर्स के लिए एक न्यूनतम वेतन नीति स्थापित करना ताकि एक स्थिर आय और न्यूनतम भुगतान किए गए घंटे या कमाई सुनिश्चित हो सके। जैसे सिंगापुर के प्रस्तावित विधायी परिवर्तनों में श्रमिकों के लिए कार्य-चोट बीमा और पेंशन कवरेज का विस्तार करना शामिल है, जिसका भारत भी अनुकरण कर सकता है। वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता देना या उन्हें समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करना समय की मांग है। इसमें संगठित होने और यूनियन बनाने का अधिकार शामिल है। उदाहरण के लिए: यूके और कैलिफोर्निया में कानूनी लड़ाइयों के कारण वर्कर्स को कर्मचारी के रूप में मान्यता मिली है, जो न्यूनतम वेतन और अन्य लाभों के हकदार हैं। सुरक्षित कार्य परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए जिसमें सुरक्षात्मक गियर, नियमित ब्रेक और चरम मौसम से श्रमिकों की सुरक्षा के उपाय शामिल हैं। उदाहरण के लिए: निष्पक्ष व्यवहार और शिकायत निवारण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन इनको मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वतंत्र श्रम न्यायालयों की स्थापना करना और यह सुनिश्चित करना कि उनमें मामलों को तुरंत और निष्पक्ष रूप से निपटाने की क्षमता हो। उदाहरण के लिए: कतर की श्रम विवाद समितियों ने न्याय तक पहुंच में सुधार किया है, लेकिन देरी और प्रवर्तन संबंधी मुद्दे बने हुए हैं, जिसके लिए और सुधार की आवश्यकता है। वर्कर्स की रोजगार क्षमता और आय क्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करना भी आवश्यक है। इसमें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण शामिल हो। उदाहरण के लिए स्किल इंडिया जैसी सरकारी पहलों का विस्तार करके वर्कर्स को विशेष रूप से लक्षित किया जा सकता है, ताकि उन्हें प्रासंगिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और पहुंच को सरल बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग कर सेवा वितरण में सुधार के लिए वर्कर डेटा को राष्ट्रीय श्रम डेटाबेस में एकीकृत करना श्रमिकों के लिए फायदेमंद स्कीम बनाने में सहायक होगा। उदाहरण के लिए: भारत का ई-श्रम पोर्टल, जिसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है, वर्कर्स को शामिल करने के लिए इसका लाभ उठाया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें समय पर लाभ मिले। भारत में वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और अच्छी तरह से लागू किए गए उपायों की आवश्यकता है। सामाजिक सुरक्षा, कानूनी मान्यता, बेहतर कार्य परिस्थितियां, न्याय तक पहुंच, प्रशिक्षण और बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचा एक निष्पक्ष श्रमिक अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यबल के इस बढ़ते हुए हिस्से की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों और नई पहलों को विकसित करना जारी रखना चाहिए, ताकि उनकी भलाई और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**



**दिहाड़ीदार मजदूर स्थायी नौकरियों के बजाय अल्पकालिक अनुबंध या फ्रीलांस काम करते है। इस में उबर, स्विगी और जोमैटो जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए अस्थायी, लचीले और प्रोजेक्ट-आधारित काम करने वाले भी शामिल हैं।**

## आपकी बात

### झारखंड सरकार की सराहनीय पहल



कैप्टन प्राण रंजन

**झारखंड** राज्य सरकार की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। आशा है कि राज्य के अन्य ज़िलों में भी इस तरह की पहल कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य में अनेकों ऐसे स्थान हैं जो पुरातात्विक अवशेषों/भवनों तथा प्राकृतिक चमत्कार से फैला हुआ है, जिनके बारे में देश के लोगों को उनकी विशेषताओं की जानकारी नहीं है। इन स्थानों के बारे में प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा आक्रामक विपणन से लोगों को आकर्षित किया जाना चाहिये। मूलरूप से इन विज्ञापन और सूचना का ऐसे उद्यमों में काफी महत्वपूर्ण योगदान होता है। गुमला ज़िला तथा आसपास के इलाके में अनेकों प्राचीन प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। मुख्य रूप से आँजन्धाम, टाँगीनाथ तथा रामरेखा घाट उल्लेखनीय हैं। इनके अलावा कम ज्ञात पुरातात्विक स्मारकों में से एक खीरी मठ का महत्त्व बौद्ध स्थल के रूप में है। यह स्मारक रामगढ़ ज़िला अंतर्गत गोला मोड पर स्थित है, जिसे अपेक्षित संरक्षण का इंतजार है। प्राकृतिक चमत्कारी स्थलों में हजारीबाग ज़िला अंतर्गत 'बरसो पानी' गुफा स्थल की अदभुत विशेषता है जहां ताली बजाने से किसी भी मौसम में पानी की वर्षा होती है। इसके अलावा साहेबगंज जिलांतर्गत राजमहल क्षेत्र में काठघर ग्राम संभवतः पृथ्वी पर एकमात्र स्थान है जहां आप पूरे गांव क्षेत्र में फैले 'पत्थर के अनाज' पा सकते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि ऋषि भिक्षुओं के एक समूह ने इस गांव का दौरा किया और भोजन मांगा। चूंकि, ग्रामीण कंजूस थे इसलिए उन्होंने भोजन की कमी का हवाला देते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की ताकि वे संतों को कुछ भी भोजन न दे सकें। उनके झूठ पर संत क्रोधित हो गए और उन्हें श्राप दिया कि उनका सारा अनाज जीवाश्म में बदल जाए। इसके परिणामस्वरूप सभी खाद्यान्नों का जीवाश्मीकरण हो गया। चाहे कुछ भी हो, मैं इस स्थान पर अपनी दो यात्राओं के दौरान यह देखकर पूरी तरह आश्चर्यचकित रह गया था। ये तो कुछ उदाहरण भर हैं। राज्य में न जाने कितने चमत्कारी स्थान हैं, जिन्हें सामने लाने की जरूरत है। पुरातत्व विभाग और पर्यटन विभाग को पेशेवर विशेषज्ञों के अधीन सक्रिय होने की आवश्यकता है।

**प्राकृतिक चमत्कारी स्थलों में हजारीबाग ज़िला अंतर्गत 'बरसो पानी' गुफा स्थल की अदभुत विशेषता है जहां ताली बजाने से किसी भी मौसम में पानी की वर्षा होती है।**

सांस्कृतिक प्रभाव

# मनोरंजन का बाजार संस्कृति पर प्रहार



सुशील शर्मा

**आजकल** देश में मनोरंजन का बाजार भारतीय संस्कृति पर तगड़ा प्रहार कर रहा है। धारावाहिकों और मनोरंजन शोज में द्विअर्थी-भद्दे संवाद और दृश्य खुल्लम-खुल्ला सुनाए और दिखाए जा रहे हैं। सिनेमा के परदे पर शीला-मुन्नी जैसे गानों की भरमार है। युवा रास्ते में आती-जाती लड़कियों पर इन गानों के माध्यम से फब्तियां कसते हैं। फिल्म और टेलीविजन ऐसी चीजों की जानकारी देने लगते हैं जिन्हें बच्चे सही अर्थों में जानने के बजाय गलत तरीके से अपनाने लगते हैं। इसी का परिणाम जघन्य यौन अपराध के रूप में बार-बार प्रकट हो रहा है। अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यतः नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है। इसका विरोध हमेशा शून्य रहा है। तभी तो यह सब धड़ल्ले से चल रहा है। यदि समय रहते इन अश्लील विज्ञापनों, पोस्टरों, पत्रिकाओं व फिल्मी दृश्यों पर लगाम कसने के प्रयास की किसी ने पहल नहीं की तो आने वाले कुछ वर्षों में यह स्थिति और भी असहज हो जाएगी। वासना के विस्फोट की यह चिंगारी भारतीय संस्कृति को तार-तार कर देगी। मनोरंजन के नाम पर फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता समाज को कहां ले जाएगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। दिल्ली में कुछ समय पहले एक छात्रा के साथ हुई गैंगरेप की घटना इसकी सबसे भयंकर परिणति कही जा सकती है। इस घटना पर समाजशास्त्री डॉ. विज्ञा तिवारी का कहना है कि आजकल फिल्मों और टेलीविजन का किशोरों और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जहां पहले फिल्में सामाजिक और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाती थीं, आज वह अश्लीलता परोस रही हैं। अफसोस तो इस बात का है कि यह सब कुछ हर किसी के जेहन में भी है मगर इसके विरोध में अपनी आवाज मुखर करने वाला कोई नहीं है। हर कोई जानता है कि ऐसे दृश्यों और संवादों से बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों के मन-मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ता है। हालात इतने विस्फोटक हैं कि किशोरवय की दहलीज पर पांव रखते ही लड़कियां बहक जाती हैं। फूहड़ मेकअप, बदन दिखाऊ पोशाक, लड़कों से दोस्ती इनकी पहचान बन जाती है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**अश्लीलता परोसे जाने की इस प्रवृत्ति के साथ फूहड़ विज्ञापनों की भरमार ने सुसभ्य समाज की चिंता बढ़ा दी है। इनमें सामान्यतः नारी की फूहड़ छवि प्रस्तुत की जा रही है।**



बोधि वृक्ष

## क्यों सिद्ध कहलाता है कोकिला वन का शनिदेव मंदिर

मंदिरों के अलावा यहां दो प्राचीन सरोवर और गोऊ शाळा भी स्थित हैं।




कोकिला धाम में हर शनिवार को लाखों श्रद्धालु आते हैं। यहां आकर ये श्रद्धालु ॐ शं शनिश्चराय नमः और जय शनि देव का उच्चारण करते हुए परिक्रमा करते हैं। इस मार्ग पर लोग जरूरतमंदों को दान भी करते हैं।

**कोकिला वन और शनिदेव की कथा:**
पौराणिक कथाओं के अनुसार, अपने इष्ट देव भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने के लिए शनिदेव ने कड़ी तपस्या की थी। उनकी तपस्या से खुश होकर श्रीकृष्ण ने कोयल के रूप में उन्हें दर्शन दिए थे। श्रीकृष्ण ने जिस वन में शनिदेव को दर्शन दिए थे उसी को कोकिला वन नाम से जाना जाता है। बृजमंड में जब श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था तब सभी देवी-देवता उनके दर्शन के लिए आए थे। इन सभी में शनिदेव भी मौजू थे। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Himanshu Kumar**
39 m ·
सावधानी : मतलब परस्तों की महफ़िल में इसकी कल्पना बेमानी है ।





44 · 14 comments 1 share
Like · Comment · Send · Share

**Parwaz A Khan**
तीनो बाते आपमें ख़ुदा ने नवाजा है बशर्ते देखने वाले का नज़रिया हो हम तो तजुर्बा से हक... See More
Like Reply

## X - से

आज साहित्य @AajSahitya · 1d
जन्म पर बाटी मिठाई
मृत्यु पर बाटी खीर ....




2 · 320 · 2.5K · 97K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत



कुलभूषण उपमन्यु

**दुनिया** भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे। प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6।61 करोड़ रु. का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

### अब जमाना है पॉकेट एसी का, चलेगा नॉनस्टॉप बिना बिजली इस्तेमाल किये

**सोनी** कंपनी द्वारा पॉकेट ऐसी लॉन्च किया गया है जो आपकी कठिनाई को एक हद तक कम कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इससे बड़ी आसानी से कहीं भी ले कर जाया जा सकता है और इसे इंस्टॉल करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि आपके पास एक बहुत ही छोटू सा ऐसी हो जिसे आप कहीं भी लेकर जा सकते हैं। गर्मी अपने प्रचंड रूप में है तो अगर आप अपने घर या ऑफिस में रहते हैं तो फिर वहां पर ऐसी होता है, लेकिन अगर आप रोजाना बाहर निकलते हैं, बाइक से ट्रैवल करते हैं तो आपको गर्मी कई बार जलाने लगती है। ऐसी अवस्था में सोनी कंपनी द्वारा पॉकेट ऐसी लॉन्च किया गया है जो आपकी कठिनाई को एक हद तक कम कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इससे बड़ी आसानी से कहीं भी ले कर जाया जा सकता है और इसे इंस्टॉल करने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। इसका नाम है Sony Reon pocket 5 जी हां! और इसकी कीमत की अगर बात की जाए तो यह 9000 में आपको मिल सकता है। सोनी की ऑफिशल वेबसाइट से इसे आप खरीद सकते हैं। सबसे बड़ी बात है कि एक का यह छोटा वर्जन फुल चार्ज में तकरीबन 17 घंटे तक चल सकता है। यह रिचार्जेबल बैटरी के साथ आता है। इलेक्ट्रिसिटी द्वारा यह चार्ज होता है और एक लंबे समय तक अपनी गर्दन पर पहन कर आप इसको बाहर निकाल सकते हैं।



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बकरा नदी पर बने पुल ध्वस्त मामले में 3 अभियंता निलंबित, 4 सदस्यीय कमिटी गठित

एजेंसी

**अररिया।** अररिया के सिकटी के पड़रिया में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही मंगलवार को नदी के गर्भ में समा गया। पुल का 4 पाया नदी में समा गया, जबकि पुल निर्माण का कार्य तेरह वर्षों से चल रहा था।

पुल के ध्वस्त होने के मामले में ग्रामीण अभियंत्रण संगठन (आरईओ) विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता समेत सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया है। वहीं जांच के लिए चार सदस्यीय जांच कमिटी का गठन किया गया है। पहले पुल निर्माण कार्य की जिम्मेवारी बिहार राज्य पुल निगम के ऊपर थी लेकिन नदी



की बदलती धारा के साथ बाद में पुल निर्माण के कार्य की जिम्मेवारी ग्रामीण अभियंत्रण संगठन (आरईओ) के ऊपर आ गई। 2019 से आरईओ के द्वारा ही पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा था। पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया था और अब केवल अप्रोच पथ तैयार कर उद्घाटन होना शेष था। लेकिन उद्घाटन से पहले ही यह धराशाई हो गया।

बिहार सरकार की ओर से अभियंताओं का एक जांच टीम का गठन किया गया है,जो पटना से आकर पुल के जमींदोज होने और कार्य की गुणवत्ता को लेकर जांच कर विभाग और सरकार को रिपोर्ट पेश करेंगे। विभाग की ओर से मामले की जांच के लिए चार वरीय अभियंताओं की एक जांच कमेटी बनाई गई है। इस टीम में पूर्णिया क्षेत्र के मुख्य अभियंता निर्मल कुमार, राज्य तकनीकी एजेंसी के प्रतिनिधि डॉक्टर संजीव सिन्हा, पुल सलाहकार बीके सिंह और राज्य गुणवत्ता समन्वयक राजीव रंजन कुमार शामिल है।

बकरा नदी पर पडरिया के पास बन रहा यह पुल जिले के सिकटी प्रखंड और कुसाकांटा प्रखंड को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल था। लेकिन पड़रिया पुल अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया। बहरहाल तेरह साल से बनने के बावजूद पुल आमजनों को सुविधा को लेकर मयस्सर नहीं हो पाया। मामले के जांच को लेकर गठित जांच कमिटी के रिपोर्ट के बाद गाज किन अधिकारियों पर गिरेगा, यह तो जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।लेकिन पुल निर्माण काल के शुरूआती समय से ही गुणवत्ता विहीन कार्य को लेकर चर्चा में रहा।ग्रामीणों की ओर से कई बार आंदोलन हुए। जिला प्रशासन से विभागीय स्तर तक जांच हुई, लेकिन मामला सिफर ही रहा।

## निमार्णाधीन पुल ढहने के मामले में सरकार ने की एक पक्षीय कार्रवाई : राजद



**पटना।** बिहार के अररिया में निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा गिर गया। करोड़ों की लागत से बकरा नदी पर बना कंक्रीट का पुल गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ। इस पर राष्ट्रीय जनता दल ने सरकार पर हमला बोला है। राजद ने कहा कि एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। यह पुल अररिया-किशनगंज मार्ग पर जिले के सिकटी ब्लॉक में परहरिया घाट के पास बकरा नदी पर निमार्णाधीन था। 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल उद्घाटन से पहले ही ढह गया। 183 मीटर लंबा यह पुल जल्द ही यातायात के लिए खोला जाना था, इसका उद्देश्य अररिया और किशनगंज जिलों के बीच यात्रा के समय को कम करना और सिकटी और कुसाकांटा ब्लॉक के निवासियों के आवागमन को आसान बनाना था। इस घटना के सामने आने के बाद राजद हमलावर हो गई है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि सरकार दोषियों को बचा रही है और बेगुनाहों को फंसा रही है। इस हादसे को लेकर एक्सक्यूटिव इंजीनियर और सुपरिटेंडेंट इंजीनियर पर गाज गिरी है। एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है। मुख्य अभियंता पर कार्रवाई नहीं हुई है, क्यों नहीं हुई।

## एक नजर

### कोलकाता में गोलीबारी के मूल आरोपी झारखंड से हुआ गिरफ्तार

**कोलकाता।** पार्क स्ट्रीट इलाके के मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर हुई गोलीबारी की घटना में मुख्य आरोपित सोना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे बुधवार को झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पार्क स्ट्रीट गोलीबारी में गिरफ्तार किए गए आरोपितों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मिर्जा गालिब स्ट्रीट पर शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के बाद एक युवक पर गोलियां चलायी गयीं। उनके दाहिने पैर में गोली लगी। युवक को कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि फायरिंग बाइक को लेकर हुई रंजिश के कारण हुई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि सोना नाम के शख्स ने उस पर गोली चलाई है।

### मोतिहारी केन्द्रीय कारागार में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी केन्द्रीय कारा में बंद एक कैदी की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बंदी की पहचान चकिया थाना क्षेत्र में बड़ा बैशाहां गांव के बिहारी सहनी के पुत्र मेघनाथ सहनी (25) के रूप में हुई है। मृतक की मां इलाइची देवी ने रोते हुए बताया कि 13 अप्रैल को उत्पाद पुलिस ने उसके बेटे को जबरदस्ती पकड़ कर जेल में बंद कर दिया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया था। आठ दिन इलाज चला। ठीक हो गया तो उसे फिर जेल भेज दिया गया। इसके बाद मंगलवार की शाम में फिर से उसका दम फूलने लगा, जिसके बाद उसे जेल से सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया। लेकिन वहां एक भी बेड खाली नहीं था, तो कैदी वार्ड में ही आक्सीजन लगाकर इलाज किया जा रहा था। इसी बीच बुधवार को उसकी मौत हो गई।

# भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान रीढ़ की हड्डी के बराबर : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**डिंडौरी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस परामर्श शिविर में जिलेभर से



1970 मरीज पहुंचे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी। हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

### क्या है सिकल सेल एनीमिया

नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने बताया कि यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन हैं तो बच्चों में इस बीमारी का होना स्वाभाविक है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिका हंसिये के आकार में परिवर्तित हो जाती है। सिकल सेल एनीमिया के अगर लक्षण यह नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इन पीड़ितों में खून की कमी, हल्की पीलिया होने से बच्चे का शरीर पीला दिखाई देना, तिल्ली का बढ़ जाना, पेट एवं छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों एवं जोड़ों में विकृतियां होना, पैरों में अल्सर घाव होना, हड्डियों और जोड़ों में सूजन के साथ अत्यधिक दर्द, मौसम बदलने पर बीमार पढ़ना, अधिक थकान होना यह लक्षण बताए गए हैं।

### सिकलसेल उन्मूलन के प्रयास

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ पीएम ने किया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में पीएम द्वारा एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन'- 2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया गया। ह्यराष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंडों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

### प्रत्येक जिला चिकित्सालय में जांच की व्यवस्था

सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जांच जैसे- सीबीसी, टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### चारधाम यात्रा : अब तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय हो गया है। अभी तक 24.60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं। उत्तराखंड सरकार तीर्थ यात्रियों को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने के प्रयास कर रही है। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य पर भी विशेष फोकस रखा गया है। यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा और यात्रियों के ठहरने और खाने-पीने को लेकर भी प्रबंध किए गए हैं। सभी धामों में तीर्थ यात्रियों को दर्शन करने में किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं हो रही है। मानसून सीजन के दौरान तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने और सभी समस्याओं से निपटने के लिए भी आपदा प्रबंधन विभाग और पर्यटन विभाग ने आपस में समन्वय बनाकर सभी जिलों को एसओपी भेजा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हुई है।

### उत्तरी सिक्किम में रेस्क्यू अभियान खत्म, तीन दिन में 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे सभी पर्यटकों को तीन दिन के अथक प्रयासों के बाद 1447 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। मंगन जिले के विभिन्न स्थानों पर फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। तीसरे दिन बुधवार को रेस्क्यू टीम ने चुंगथांग और मंगन के उत्तरी क्षेत्र से 158 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया। पर्यटकों को निकालने की प्रक्रिया मंगन जिले के जिलापाल हेम कुमार छेत्री की देखरेख में की गई। मंगन जिले के पुलिस अधीक्षक सोनाम डी. भोटिया, जिला प्रशासन के अधिकारी, वन विभाग, पर्यटन विभाग, मोटर वाहन प्रभाग, पुलिस विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, ग्रेफ, बीआरओ, ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ सिक्किम, स्थानीय पंचायतें और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहयोगा किया। दरअसल, 12 जून की रात को मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के बाद उत्तरी सिक्किम का राज्य के अन्य हिस्सों से संपर्क टूट गया था। इसके चलते उत्तरी सिक्किम के इलाकों में घूमने गए 1200 से ज्यादा पर्यटक फंस गए। इनमें बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे।

### कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता महसूस कर रहे घुटन : सीएम सैनी



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच शह-मात का खेल शुरू हो गया है। ऐसे में कई नेता अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं और दूसरी पार्टियां उसका फायदा उठाने में जुटी हुई हैं। हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू और भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने भाजपा मुख्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सीएम नायब सैनी ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस में परिवारवाद चरम पर है। कांग्रेस में जो प्रतिष्ठित लोग हैं, उन्हें अब सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें कांग्रेस में अब घुटन महसूस हो रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा के लिए लगे हुए हैं। प्रतिष्ठित लोगों को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, कई बड़े नेता कांग्रेस से जाने वाले हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चलती है। सभी बड़े नेताओं की बलि दी जा रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा कि दस साल जब हुड्डा राज्य के सीएम थे, तब कांग्रेस ने नौकरी में खाली सीट को क्यों नहीं भरी, गरीब के बेटे को पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्य का मुख्य सेवक बना दिया तो विपक्षी पार्टियों के पेट में दर्द हो रहा है। इनका पेट खराब हो गया है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। हुड्डा राज्यपाल के पास जाने की बात करते हैं। पहले अपने विधायक तो इक्कठा कर लें। विधानसभा चुनाव में गरीब लोग कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेंगे।

### देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लड़ेगी विस चुनाव : चंद्रशेखर बावनकुले



**मुंबई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सहयोगी दलों के साथ मिलकर लड़ेंगे, लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री पद का निर्णय चुनाव बाद लिया जाएगा। साथ ही लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रदेश इकाई जुलाई महीने में धन्यवाद यात्रा आयोजित करेगी। चंद्रशेखर बावनकुले मंगलवार को दिल्ली में प्रदेश भाजपा नेताओं की बैठक में शामिल होने गए थे। बुधवार को दिल्ली से लौटने पर नागपुर में बावनकुले पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा हुई, लेकिन देवेन्द्र फड़णवीस को मंत्री पद से हटाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विधानमंडल के सभी सदस्यों और प्रदेश भाजपा ने देवेन्द्र फडणवीस से सरकार में बने रहने और संगठन की मदद करने का अनुरोध किया है। चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की अगली पांच साल की विकास योजनाओं को महाराष्ट्र में लाने के लिए काम करेगी। उसके लिए सरकार में देवेन्द्र फडणवीस की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिस विधानसभा क्षेत्र में महायुति के उम्मीदवार आधे प्रतिशत से भी कम वोटों से पीछे रहे, उसके कारणों पर केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में विधानसभाओं में हम और अधिक काम करके इस कमी को पूरा करने का काम करेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** – अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृषभ** – आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन** – कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** – परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह** – व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** – आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला** – आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**धनु** – खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे।

**मकर** – मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगें।

**कुम्भ** – शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** – आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### मगही साहित्यकार डॉ भरत के निधन पर शोक की लहर

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ थाने के पचाढ़ा ग्राम के निवासी तथा मगध विवि हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ भरत सिंह के बुधवार को निधन पर नवादा जिले में शोक है। कवियों तथा साहित्यकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनकी मेधा की चर्चा करते हुए साहित्यकारों ने कहा कि मगही भाषा इतिहास को कंठ पर, मगही साहित्यकारों का नाम जुवान पर, मगही व्याकरण को मनोमस्तिष्क में और मगही प्रेम को दिल में संयोग कर रखने वाले मगध विवि के मगही विभागाध्यक्ष डॉ भरत सिंह के निधन की खबर वैश्विक स्तर के मगही भाषा भाषियों के लिए असहनीय पीड़ा है। प्रादेशिक भाषा मंडल का एक महत्वपूर्ण सितारा टूट कर गिर गया। यादों के कई खेप मस्तिष्क में उमड़ने घुमड़ने का सिलसिला जारी है। एक के बाद एक स्मृतियां दिमाग के नाजुक तंतुओं से टकराती है और बिना किसी संवाद के बैरंग लौट जाती है।

# देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी

एजेंसी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को दहलाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है। मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित महानगर के प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई। पिछले दो दिनों से एक ही ई-मेल से यह धमकी दी जा रही है। इस संबंध में आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम दक्षिण मुंबई में स्थित मुंबई नगर निगम के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल संदेश भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने मंगलवार देररात तक मुख्यालय का चप्पा-चप्पा छाना।

इसी तरह मंगलवार शाम पुणे के डेक्कन इलाके में भी बम विस्फोट करने की धमकी मिली। सोमवार को मुंबई के 60 अस्पतालों में बम विस्फोट करने की धमकी मिली थी। पुलिस का कहना है कि सभी स्थानों पर गहन छानबीन के बाद कुछ नहीं मिला। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, सोमवार से लगातार दो दिनों तक एक ही ई-मेल आईपी एड्रेस से धमकीभरा संदेश भेजा गया। ई-मेल भेजने वाले की तलाश की जा रही है।




*मुंबई नगर निगम मुख्यालय सहित प्रमुख स्थलों में बम विस्फोट करने की धमकी*

### राम मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में चली गोली एसएसएफ जवान की मौत


**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के जनपद अयोध्या में बुधवार की भोर के वक्त राम मंदिर परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चली,जिसमें यूपी एसएसएफ के जवान की मौत हो गई। सूचना पाकर आईजी और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सभी बिन्दुओं पर पुलिस जांच कर रही हैं। अंबेडकरनगर के रहने वाले विशेष सुरक्षा बल(एसएसएफ) जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) की ड्यूटी अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगी थी। श्रद्धालुओं का कहना है कि बुधवार की सुबह पांच बजे के दरमियान गोली चलने की आवाज सुनाई दी। साथी सुरक्षाकर्मी दौड़कर पहुंचे तो देखा कि जवान शत्रुघ्न विश्वकर्मा घायल अवस्था में फर्श पर पड़ा है। आनन-फानन में अन्य सहकर्मियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चेतावनी / जल संकट को लेकर आतिशी ने पीएम को लिखी चिट्ठी, कहा

# मैं अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जल संकट को लेकर सियासी घमासान जारी है। पानी की किल्लत को लेकर आप और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज है। इसी बीच राजधानी में लगभग सभी इलाकों में पानी की किल्लत बढ़ गई है। इसे लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इसके साथ ही आतिशी ने दिल्ली में पानी न मिलने की स्थिति में 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की चेतावनी भी दे डाली। आतिशी ने पीएम मोदी को पानी किल्लत से अवगत करते हुए लिखा, "देश के कई हिस्सों में इस बार भीषण गर्मी है। दिल्ली भी उनमें से एक है, जहां बर्दाश्त करने की



क्षमता से भी कहीं ज्यादा गर्मी है। आपको मालूम ही होगा कि 29 मई को दिल्ली का तापमान 52.9 डिग्री सेल्सियस था, जो अभूतपूर्व था। कल का तापमान 47 डिग्री था। रात को 10 बजे भी तापमान 41 डिग्री था। दिल्ली में इतनी गर्मी पिछले 100 सालों में नहीं पड़ी। इतनी तपती हुई गर्मी में दिल्ली वालों की पानी की आवश्यकता बढ़ गई है। लेकिन जब दिल्ली वालों को ज्यादा मात्रा में पानी की जरूरत है, दिल्ली में पानी की कमी हो गई है। दिल्ली में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है।

उन्होंने आगे कहा, आखिर दिल्ली में पानी की कमी क्यों हो रही है? दिल्ली में कुल पानी की सप्लाई 1050 एमजीडी है, इसमें से हरियाणा से 613 एमजीडी पानी आता है। लेकिन पिछले 2 हफ्तों से हरियाणा से पानी आना बहुत कम हो गया है। 18 जून के आंकड़े देखें तो, मात्र 513 एमजीडी पानी हरियाणा द्वारा दिल्ली में भेजा गया। यानी दिल्ली को 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा है। 1 एमजीडी पानी से एक दिन में तकरीबन 28,500 लोगों को पानी मिलता है।

### कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु में पानी के शुल्क में वृद्धि के दिए संकेत

**बेंगलुरू।** हाल ही में कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी के बाद अब कांग्रेस सरकार बेंगलुरू में पानी पर शुल्क बढ़ाने पर विचार कर रही है। पानी पर शुल्क बढ़ाने की ओर इशारा करते हुए उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 सालों से पानी के शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसकी समीक्षा के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अधिकारियों से इस मुद्दे की जांच करने को कहा है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "बेंगलुरु में पानी पर 10 साल से शुल्क हीं बढ़ाया गया है और हमें बहुत नुकसान हो रहा है। हमने नई परियोजनाएं शुरू की हैं और कोई भी बैंक बेंगलुरू जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड को वित्तपोषित करने के लिए आगे नहीं आ रहा है।"

## आज के मैच

**इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज**
प्रातः 06.00 बजे से
**स्टेडियमः** केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम, ब्रिजटाउन

**भारत बनाम अफगानिस्तान**
शाम 08.00 बजे से
**स्टेडियमः** डैरेन सेमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम

## एक नजर

### विश्व कप से बाहर होने के बाद अपने देश लौटे श्रीलंकाई खिलाड़ी

**कोलंबो।** अमेरिका में आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद श्रीलंकाई टीम अपने देश लौट आई है। बुधवार सुबह दुबई से ईके-650 एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए वानिंदु हसरंगा की टीम के पहुंचने पर भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने कहा कि बीआईए में सामान्य आगमन मार्ग के बजाय, टीम के सदस्यों ने एक विशेष वीआईपी लाउंज का उपयोग किया, जिसकी कीमत प्रति व्यक्ति 50 अमेरिकी डॉलर थी। मीडिया से बात करते हुए, कप्तान हसरंगा ने कहा कि टीम का पहले दौर में ही बाहर होना निराशाजनक है। इस टूनामेंट में हमारा प्रदर्शन बेहद खराब रहा। हसरंगा ने कहा, हमें पता है कि हमारे साथ क्या हुआ।

### रोनाल्डो जैसे खिलाड़ी बाकी खिलाड़ियों से ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं : पैट्रिस

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के 92वें मिनट में किये गए गोल की बदौलत अपने यूईएफए यूरो 2024 अभियान की शुरूआत चेक गणराज्य पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ की। वहीं, अनुभवी पेपे ने इतिहास रच दिया, वे 41 वर्ष और 113 दिन की उम्र में यूईएफए यूरो टूनामेंट में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाली टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यूईएफए यूरो 2024 के लिए उल्लेखनीय विशेषज्ञ पैनलिस्टों में से एक, फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा ने पुर्तगाली दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अच्छा खेल दिखाया और हर जगह हमले में दिखाई दिए।

# पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज ने जीता गोल्ड



85.97
थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
जैवलिन थ्रो स्टार नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया है। नीरज ने फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स 2024 में यह सफलता हासिल की है। हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने इस मौके पर उन्हें बधाई दी है। टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में जेवलिन में यह जीत हासिल की। उन्होंने 85.97 थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया। नीरज ने इस जीत के साथ पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी फॉर्म को लेकर अच्छे संकेत दे दिए हैं। इस खास मौके पर सीएम नायब सैनी ने उन्हें बधाई दी है। सीएम ने कहा, नीरज चोपड़ा को बधाई, वो देश का सम्मान लगातार बढ़ा रहे हैं। उन्हें गोल्ड मेडल जीतने के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उनकी इस जीत से पूरा देश खुश है, वो आगे भी इसी तरह देश के लिए मेडल जीतते रहें। चोट के बाद वापसी कर रहे नीरज का इस इवेंट में बेस्ट थ्रो 85.97 मीटर का रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने यह दूरी हासिल की। पहले प्रयास में 83.62 का बेस्ट थ्रो नीरज ने ही मारा था।

### पेरिस ओलंपिक के बाद डॉक्टरों से परामर्श लेंगे चोपड़ा

**तुर्कु।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने एडक्टर की समस्या के बारे में खुलासा किया है, जिसने उनके सत्र को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि वह इस समस्या से निपटने के लिए पेरिस ओलंपिक के बाद अलग-अलग डॉक्टरों से परामर्श करेंगे। चोपड़ा ने एक महीने के ब्रेक के बाद प्रतियोगिताओं में वापसी की और मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 85.97 मीटर की दूरी तय की, जो उनके तीसरे प्रयास में आया। टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा ने पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया था, क्योंकि उन्हें अपने एडक्टर (जांघों के अंदरूनी हिस्से में स्थित मांसपेशियों का समूह) में कुछ तकलीफ महसूस हुई थी।

# जेएससीए में कंट्री क्रिकेट क्लब की स्विमिंग प्रतियोगिता संपन्न




**संवाददाता। रांची**
जेएससीए के कंट्री क्रिकेट क्लब में चल रहे स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 का अयोजन किया गया। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक की तौराको ने भाग लिया, जिसमें महिला व पुरुष प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एक दूसरे को जोरदार टक्कर दिया, जो काफी रोमांचक और प्रदर्शनियां रहा। जिसमें हर उम्र के प्रतियोगियों ने भाग लिया। विजेताओं में प्रतियोगिता का परिणाम में ग्रुप (5 - 9) बॉयज 15 मीटर में पहला स्थान इशांक सिंह, दुसरे स्थान पर रियांश भारद्वाज और तीसरे स्थान पर युग रहे। वहीं ग्रुप (5 - 9) गर्ल्स 15 मीटर में पहले स्थान पर राज शांभवी, दुसरे उपासना प्रसाद एवं तीसरे स्थान पर श्रीनिका श्री रहीं। ग्रुप (10 - 15) बॉयज 15 मीटर में 1. शिवम प्रमाणिक, 2. लक्ष्य तिवारी, 3. नीले मणि सिंह। ग्रुप (10 - 15) गर्ल्स 15 मीटर में 1. रचना, 2. अक्षरा गुप्ता, 3. पृषा जैन। ग्रुप (10 - 15) बॉयज 25 मीटर में 1. लक्ष्य तिवारी, 2. लाल प्रत्यूष सहदेव, 3. विराट सिंह। ग्रुप (10 -15) गर्ल्स 25 मीटर में 1. आराध्या सिंह, 2. रचना, 3. पृषा सिंह। ग्रुप (16 -25) पुरुष 25 मीटर में 1. कुशाग्रह चौधरी, 2. रत्नम दक्षिणामूति, 3. प्राणतप प्रकाश। ग्रुप (16 -25) महिला 25 मीटर में 1. त्रिशला, 2. मानवी कौशिक, 3. श्रेया। ग्रुप (26 - 35) पुरुष 25 मीटर में 1. ऋषभ जैन, 2. विंटर स्क्वाट, 3. अजीत कुमार। ग्रुप (36 - 45) पुरुष 25 मीटर 1. रवि शंकर सिंह, 2. देवेश प्रधान, 3. राहुल कपूर। ग्रुप (36 - 45) महिला 25 मीटर में 1. भूमिका, 2. विभा कुमार। ग्रुप (46 - 55) पुरुष 25 मीटर में 1. संजय जैन, 2. डॉ राजीव रंजन, 3. राम कुमार प्रसाद। ग्रुप (46 - 55) महिला 25 मीटर में 1. नीलम, 2. वीणा कुमारी, 3. नम्रता सिंह। ग्रुप (56 +) पुरुष 25 मीटर में 1. दीपक दत्ता, 2. लोक नारायण, 3. यूके मिश्रा। ग्रुप ओपन टू ऑल में 1. कुशाग्रह चौबे, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. ऋषभ जैन। ग्रुप अंडरवाटर में 1. ऋषभ जैन, 2. रत्नम दक्षिणामूर्ति, 3. शिवम प्रमाणिक रहे। विजेताओं को पुरस्कार अखिलेश झा के द्वारा प्रदान किया गया। पूरे प्रतियोगिता का संचालन विशाखा झा और राजीव रंजन के देखरेख में संपन्न हुआ।

# अफगानिस्तान से भारत को रहना होगा सावधान : पटवाल

**एजेंसी। मुंबई**
अफगानिस्तान के पूर्व बैटिंग कोच उमेश पटवाल ने भारत को चेतावनी दी है कि सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान का सामना करते समय बिल्कुल सावधान रहे। भारत और अफगानिस्तान के बीच गुरुवार को बारबाडोस में ये मैच खेला जाएगा। अफगानिस्तान बड़े मंच पर व्हाइट-बॉल टूनामेंट में बड़ी टीमों को पछाड़ने का माद्दा रखता है। भारत पुरुषों के टी20 में अफगानिस्तान से आठ बार भिड़ चुका है और इस प्रारूप में हमेशा जीत भारत की हुई है।पिछली बार जब वे इस साल बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भिड़े थे, तो भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकबला 212-212 रन के ड्रॉ पर पहुंच गया। फिर, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को जीत के लिए दो सुपर ओवर खेलने पड़े।

उमेश पटवाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, भारत को वाकई सावधान रहना होगा। पिछले साल के वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और दूसरी बड़ी टीमों को हराकर दिखाया कि वे क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अब तक उसने जिस टीम को नहीं हराया है, वह भारत है। इसलिए उसके दिमाग में अगला लक्ष्य यही होगा।

इसलिए, इस बार भारत को अफगानिस्तान का सामना करने के लिए मजबूत रणनीति बनानी होगी।

# अमेरिकी टीम को कमजोर टीम समझना बेवकूफी : एडेन मार्कराम



**एजेंसी। नॉर्थ साउंड**
टी20 विश्व कप 2024 का सफर अब सुपर 8 के दौर में पहुंच चुका है। इस चरण का पहला मैच द. अफ्रीका और अमेरिका के बीच होने वाला है। इस मैच से पहले अफ्रीकी कप्तान एडेन मार्कराम ने कहा कि अमेरिका को कमजोर टीम समझना सबसे बड़ी बेवकूफी हो सकती है।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम का मानना है कि यूएसए ने साबित कर दिया है कि वे टी20 विश्व कप 2024 में अब छोटी टीम नहीं है और हम सुपर आठ के मुकाबले में उन्हें हल्के में नहीं लेंगे। अपने पहले पुरुष टी20 विश्व कप में, सह-मेजबान अमेरिका ने कनाडा और पाकिस्तान को हराकर शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही ग्रुप-ए में भारत के बाद दूसरे नंबर पर है। अब अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका की टीम से होगा, जिसने नीदरलैंड और नेपाल के खिलाफ जीत सहित ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया है। एडेन मार्कराम ने कहा, वे वास्तव में अच्छे रहे हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे अब छोटी टीम नहीं हैं। इसलिए, हमें 100 प्रतिशत अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा और उम्मीद है कि सब ठीक रहेगा, लेकिन मैं अमेरिका के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण मैच के लिए उत्साहित हूं। यह एक ऐसी टीम है जिसके खिलाफ हमने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए हम इसके लिए और यहां एंटीगा में खेलने के लिए उत्सुक हैं।

इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के साथ इससे पहले कोई भी मुकाबला नहीं खेला है। हालांकि कागजों पर मजबूत दिखने वाली अफ्रीकी टीम को यह जरूर पता है कि वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकती।

### बारबाडोस के विकेट पर सूर्यकुमार ने कहा यह बेहतर है

**ब्रिजटाउन।** अफगानिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी 20 विश्व कप सुपर 8 मैच से पहले, भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि बारबाडोस का विकेट न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम की तुलना में बेहतर दिखता है। भारत ने ग्रुप ए में आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए के खिलाफ तीन मैचों में तीन जीत के साथ अपना ग्रुप चरण समाप्त किया, जबकि कनाडा के खिलाफ उनका आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

# एमएमए फाइटर संग्राम सिंह को याद आया फ्लैशबैक




**एजेंसी। नई दिल्ली**
संग्राम सिंह भारतीय पहलवान, एक्टर और एमएमए फाइटर भी हैं। संग्राम 38 साल की उम्र में एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन ने आईएएनएस से एक खास बातचीत में अपनी यात्रा, अपने करियर और एमएमए फाइटर में इतनी देर से एंट्री के बारे में बात की। संग्राम सिंह ने आईएएनएस को बताया, मैं अभी शुरूआत कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यूएफसी और एमएमए दोनों बहनें हैं। यूएफसी ने भी मुझसे संपर्क किया था, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे एमएमए से शुरूआत करनी चाहिए। जब अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां खेलते हैं, इसलिए निश्चित रूप से यूएफसी मेरी भविष्य की योजनाओं में भी है। कोई मुझसे मजाक कर रहा था कि मैं क्रिकेट भी आजमाऊं। जीवन बहुत छोटा है, इसलिए आपको हर मौके पर दूसरों को प्रेरित करने की कोशिश करनी चाहिए, और मेरा मानना है कि जीने का सबसे अच्छा तरीका निस्वार्थ जीवन जीना है। कई सालों की कड़ी मेहनत और 25 साल से ज्यादा के शानदार करियर के बाद एक मजबूत शरीर पाने के बावजूद, पूर्व कुश्ती चैंपियन ने खुलासा किया कि उनका जीवन आसान नहीं रहा है।

### टी20 विश्व कप की धूम के बीच गोल्फ खेलते नजर आए विव रिचर्ड्स



**एजेंसी। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**
वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स एंटीगा के सीडर वैली गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेलते हुए दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने टी20 विश्व कप में सह-मेजबान वेस्टइंडीज की टूनामेंट में दावेदारी पर भी अपनी बात रखी। टी20 विश्व कप 2024 इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जा रहा है। टूनामेंट का ग्रुप चरण समाप्त हो गया है और टॉप-8 टीमें सुपर-8 चरण के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही हैं। इस राउंड की शुरूआत बुधवार को अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले से होगी। वेस्टइंडीज ने ग्रुप सी में अपने सभी मैचों में जीत हासिल करते हुए सुपर 8 में अपनी जगह पक्की की। अब टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 के ग्रुप 2 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। यह मुकाबला गुरुवार सुबह 6 बजे खेला जाएगा (भारतीय समयानुसार)।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### टाटा मोटर्स एक जुलाई से बढ़ाएगी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमत दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कीमतों में बढ़ोत्तरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो एक जुलाई से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिंस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी।

### एयर इंडिया चुनिंदा घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। एयर इंडिया यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। फिलाहल सिर्फ विस्तारा ही घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है। एयर इंडिया ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि उसने अपने पहले दो रिफिटेड नए ए-320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है। इनमें बिजनेस श्रेणी में आठ और प्रीमियम इकनॉमी में पैर रखने के लिए अतिरिक्त जगह के साथ 24 सीटें हैं।

# अमेजन पर 60 लाख डॉलर का जुर्माना




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

कैलिफोर्निया के इंडस्ट्रियल रिलेशंस डिपार्टमेंट ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने कर्मचारियों को काम के कोटा के बारे में लिखित सूचना नहीं दी। वेयर हाउस कोटा कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है।बयान के अनुसार, नियोक्ता ने तर्क दिया कि उन्हें कोटा प्रणाली की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करते हैं। कानून के अनुसार वेयरहाउस नियोक्ताओं को कर्मचारियों को प्रति घंटे किए जाने वाले कार्यों की संख्या और कोटा पूरा न करने पर होने वाली किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी देनी होती है।

श्रम आयुक्त लिलिया गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अमेजॅन इन दो गोदामों में जिस सहकर्मी से सहकर्मी प्रणाली का उपयोग कर रहा था, वह ठीक उसी तरह की प्रणाली है, जिसे रोकने के लिए वेयर हाउस कोटा कानून बनाया गया था। गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अघोषित कोटा कर्मचारियों पर तेजी से काम करने का दबाव बढ़ाता है और कर्मचारियों को ब्रेक छोड़ने के लिए मजबूर कर-के चोट लगने की दर और अन्य उल्लंघनों को बढ़ा सकता है। श्रम आयुक्त कार्यालय ने 22 सितंबर 2022 को अपना प्रारंभिक निरीक्षण शुरू किया। जांच में पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 से 9 मार्च 2024 तक मोरेनो वैली और रेडलैंड्स गोदामों में नियमों के 59,017 उल्लंघन हुए।

### अप्रैल-जून तिमाही में विकास दर 7.2% से ज्यादा रहने का अनुमान

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि पिछले वित्त वर्ष की मजबूत विकास दर चालू वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में भी मजबूत विकास दर जारी रहेगी। इसे अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद से बल मिलेगा। दास ने मंगलवार को एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमें इस बात को लेकर काफी उम्मीद है कि हमने इस साल की पहली तिमाही के लिए जो अनुमान लगाया है - 7.2 प्रतिशत का, हम उससे आगे 7.3 प्रतिशत पर चले जाएंगे। दास ने यह भी कहा कि निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के कारण ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है।

# सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन निजी और विदेशी बैंकों से बेहतर




**संवाददाता। मुंबई**
निजी बैंकों की अपेक्षा सरकारी बैंक अधिक दक्षता के साथ कार्य कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है। इस स्टडी में संसाधनों के उपयोग के आधार पर बैंकों की तुलना की गई, जिसमें सरकारी बैंकों को निजी की अपेक्षा बेहतर पाया गया। एसबीआई ग्रुप के मुख्य आर्थिक सलाहाकार, सौम्य कांती घोष ने कहा कि नतीजे आम धारणाओं के बिल्कुल विपरीत हैं।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन निजी और विदेशी बैंकों की अपेक्षा काफी अच्छा है। इसके अलावा यह स्टडी दिखाती है कि केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकों में दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने के सभी प्रयास सफल हुए हैं। स्टडी में बताया गया कि सरकारी बैंक, निजी बैंकों की अपेक्षा काफी दक्ष होते हैं। विलय और बिजनेस, ब्रांच और कर्मचारी के युक्तीकरण के कारण वित्त वर्ष 19-23 तक सरकारी बैंक, निजी बैंकों से पीछे रहे थे। सरकार की ओर से किए गए ढांचागत बदलावों के कारण सरकारी बैंकों का दक्षता स्तर 82.8 प्रतिशत रहा है। वहीं, सभी कमर्शियल बैंकों में यह 81.2 प्रतिशत है। निजी और विदेशी बैंकों में दक्षता का स्तर क्रमशः 79.6 प्रतिशत और 78.2 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बैंकिंग सेक्टर ने पिछले 10 वर्षों में काफी लचीलापन दिखाया है और इस दौरान कई घरेलू और वैश्विक झटकों का सामना किया।

# पीएलआई स्कीम में बदलाव करेगा केंद्र

## एमएसएमई को मिलेगा ज्यादा फायदा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार की ओर से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम में बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसके तहत नए सेक्टरों को इसमें जोड़ा जाएगा और एमएसएमई (माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) के लिए फायदों को बढ़ाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएलआई स्कीम में सुधार के तहत सरकार फंड जुटाने के नियमों को आसान बना सकती है। इसमें नए सेक्टरों को जोड़ने के साथ अधिक श्रम वाले क्षेत्रों की एमएसएमई को ज्यादा लाभ दिए जा सकते हैं। सरकार का पूरा ध्यान मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने को लेकर है। पीएलआई में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के लिए इंसेंटिव को जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट्स में बताया गया कि सरकार की ओर से तिमाही आधार पर इंसेंटिव देने के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया गया है। पहले यह वार्षिक आधार पर ही फंड्स रिलीज किए जाते थे। टॉय, फर्नीचर और कपड़ा क्षेत्र को इस स्कीम के अंदर जल्द ही कवर किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में अधिक नौकरियां पैदा होने की संभावना है। सरकार मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) को भी पीएलआई स्कीम के तहत ला सकती है। इसके अलावा कुछ कॉटन को कवर करने के लिए टेक्निकल टेक्सटाइल को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

### भारतीय होने का इससे अच्छा समय नहीं हो सकता : गौतम अदाणी

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि भारतीय होने का इससे अच्छा समय नहीं हो सकता। अगले एक दशक में भारत अपनी जीडीपी में हर 12 से 18 महीने में एक ट्रिलियन डॉलर जोड़ेगा। इसकी मदद से 2050 तक भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के 'एनुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर समिट' में गौतम अदाणी ने कहा कि भारत को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 58 वर्ष का समय लगा।

# ग्लोबल फंड्स ने भारतीय बॉन्ड में निवेश किए 83,000 करोड़ रुपये




**एजेंसी। नई दिल्ली**
विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड्स में जमकर निवेश कर रहे हैं। ये निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है जब इस महीने के अंत में भारतीय बॉन्ड्स को ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जाना है। पिछले वर्ष सितंबर से अब तक भारतीय बॉन्ड्स में 10 अरब डॉलर (करीब 83,360 करोड़ रुपये) से ज्यादा का निवेश आ चुका है। जेपी मॉर्गन की घोषणा के मुताबिक, भारतीय बॉन्ड्स को उभरते हुए बाजारों की बॉन्ड इंडेक्स में 28 जून से शामिल किया जाना है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल फंड्स की ओर से 18 जून तक करीब 7,350 करोड़ रुपये (881 मिलियन डॉलर) का निवेश भारतीय बॉन्ड मार्केट में किया जा चुका है। ये आंकड़ा मई में 5,200 करोड़ रुपये पर था। हालांकि, अप्रैल में उनकी ओर से करीब 9,830 करोड़ रुपये की बिकवाली बॉन्ड मार्केट में की गई थी। भारतीय बॉन्ड मार्केट में आ रहा निवेश बॉन्ड यील्ड को कम रखने में ऐसे समय पर मदद कर रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की गठबंधन सरकार केंद्र में बनी है।

इस महीने के उच्चतम स्तर से 10 वर्ष की सरकारी बॉन्ड यील्ड में 8 आधार अंक की गिरावट हुई है और यह 6.98 प्रतिशत रही है।

## नशा मुक्ति अभियान के लिए 6 जागरूकता रथ को सीएम ने किया रवाना

# नशे पर नियंत्रण से ही झारखंड बनेगा बेहतर राज्य : सीएम

**ब्यूरो रिपोर्ट रांची।**

**राज्य को नशा से मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए है। विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ निकाले जा रहे हैं। ये सभी जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे। इसके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव से अवगत कराया जाएगा। मौके पर सभी ने नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रहने की शपथ ली।**

### मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है।झारखंड राज्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार -प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।




### बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा। जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। अगर अगर हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है।



### नशे से समाज में फैल रहा अपराध

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है। परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती। आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा। इस कड़ी में इन जागरूकता रथों की भूमिका भी काफी मायने रखेगी।

## ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेपीएससी 11वीं की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा अभ्यर्थी की ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। मामले में कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह के लिए पीटी परीक्षा में एक सीट सुरक्षित रखने का आदेश जेपीएससी को दिया था। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की। दरअसल, पीटी की परीक्षा के दौरान प्रार्थी ने अपने रोल नंबर भरने वाले गोल स्थान में एक अंक भरने में गलती कर दी थी, जिसे उसने परीक्षा के दौरान सुधार कर दिया था। जब उक्त परीक्षा का 22 अप्रैल को पीटी रिजल्ट घोषित किया गया, तो अभ्यर्थी मयंक कुमार सिंह को अनारक्षित श्रेणी में 292 अंक प्राप्त हुए थे, जबकि कट ऑफ अंक 244 ही था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया था कि याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह का पीटी का मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से काफी अधिक आया है। हाइपर टेक्निकल ग्राउंड में ओएमआर शीट को रद्द करना अनुचित है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट का हवाला भी दिया था। बताया था कि इसी तरह के कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि पिछली जेपीएससी परीक्षा एवं अन्य जेपीएससी परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों ने इसी तरह की गलती को दोहराया था, लेकिन उनका ओएमआर शीट रद्द नहीं किया गया था। वर्ष 2016 में झारखंड सरकार ने भी एक संकल्प जारी किया था, जिसमें जेपीएससी को निर्देश दिया था कि झारखंड सिविल सर्विसेज परीक्षा में टेक्निकल ग्राउंड में परीक्षा आंसर शीट (ओएमआर शीट) रिजेक्ट ना किया जाए।

**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय में,**

**श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, नगर उँटारी,**

Civil Apeal No.- 08/2019

सत्य नारायण यादव पिता स्व० कुलु यादव निवासी ग्राम पातागाड़ा खूर्द, पोस्ट- कोचेया, थाना विशुनपुरा, जिला- गढ़वा

**वादी**

**बनाम**

1. शिव महतो पिता स्व० ठुरु महतो
2. रामचन्द्र यादव पिता स्व० गटौरी महतो
3. अयोध्या महतो पिता स्व० केदार महतो
4. गोपाल महतो पिता स्व० केदार महतो
5. कामेश्वर यादव पिता स्व० कुलु यादव सभी ग्राम- पातागाड़ा खूर्द, पोस्ट कोचेया, थाना- विशुनपुरा,
6. उपायुक्त महोदय, गढ़वा

**प्रतिवादीगण**

इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित करना है कि आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में वादी सत्य नारयण यादव द्वारा सिविल अपील वाद संख्या 08/2019 दायर किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2024 को समय 10:30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद समझे।

आज दिनांक 14/06/24 को मेरे मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत।

**हस्ताक्षर**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नगर उँटारी।**

## पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमो की साफ-सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव और नगर आयुक्त को गुरुवार को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, कोर्ट ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग में शामिल रहने वाले रांची नगर निगम के प्रतिनिधि के रूप में शामिल तीन अभियंताओं को भी कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अधिवक्ताओं की कमेटी ने रांची नगर निगम के इन तीन अभियंताओं पर बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने गई कमेटी को सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया है।

## जनादेश का सम्मान व विकसित गिरिडीह हमारा लक्ष्य : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की लगातार दूसरी बार जीत के बाद आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जनता का आभार जताने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टुंडी विधानसभा के पांडुवा गांव पहुंचे। पांडुवा गांव में आयोजित आभार सभा को संबोधित करने के बाद पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो टुंडी बाजार के थाना मोड़ से महथा काम्प्लेक्स तक और राजगंज बाजार अंतर्गत दुर्गा मंदिर से थाना तक पदयात्रा कर जनता के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद आभार यात्रा बाघमारा विधानसभा पहुँची। यहां सुदेश कुमार महतो ने कतरास में स्वास्तिक टॉकीज से सूर्य मंदिर तक पदयात्रा कर बाघमारा की जनता को लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने और अपना समर्थन चंद्र प्रकाश चौधरी को देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। आभार पदयात्रा में हजारों की भीड़ उमड़ी। पदयात्रा का जगह जगह धूमधाम से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आभार यात्रा के जरिए हम सिर्फ मुख्यालयों को ही नहीं दूर दराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीण जिन्होंने ने इस लोकसभा चुनाव में पुनः हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके लिए हम उनके गांव पहुँचकर उनका आभार प्रकट कर रहे हैं। गांव में पहुंचकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ ही वहां की समस्यओं से भी रूबरू हो रहे हैं। विकसित राज्य की कल्पना विकसित गांव के बिना अधूरी है। आमजनों से एक मतदाता के रूप में नहीं बल्कि उनसे एक इंसान के रूप में जुड़ना और उनके दुःख दर्द में सहभागी बनकर हर संकट के समाधान में उनका सहयोगी बनना हमारा ध्येय है। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं के प्रति गिरिडीह लोकसभा में चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आभार प्रकट किया।



## पृष्ठ एक का शेष

**भवन निर्माण विभाग में...**

लिए एक दिन समय दिया जाता है। वहीं बुधवार को टेंडर पेपर जमा करने का अंतिम दिन था। संवेदकों का कहना है कि पहले ही टेंडर डालने के लिए कम समय दिया गया। दूसरी ओर न तो टेंडर पेपर भवन निर्माण विभाग के कार्यालय से और ना ही पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से बेचा गया। सुलगता सवाल यह है कि पेपर कहां और कैसे बेचा गया। संवेदकों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से नियम, कानून को ताक पर रख कर टेंडर पेपर की बिक्री की गई है। इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम ने कहा कि नियम संगत तरीके से पेपर बेचा गया है। संवेदक इसलिए हंगामा कर रहे हैं क्योंकि उन्हें टेंडर पेपर नहीं मिल पाया।

**नालंदा एक पहचान है...**

उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां विद्यार्थी आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है। उन्होंने कहा, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा, लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है।

**राज्य सरकार कराएगी जातिगत...**

75000 प्रतिमाह उप सचेतक को 70000 रुपये प्रतिमाह सचेतक को 60000 प्रतिमाह मिलेगा। इन्हें सत्कार भत्ता 55000, क्षेत्रीय भत्ता 65000, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर 4000, राज्य के बाहर लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह। कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 तक और होम लोन 60 लाख तक मिलेगा।

**नेता विरोधी दल :** वेतन 8,50,000 रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता 55,000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 रुपये मिलेगा।

**विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वेतन और भत्ता :** वेतन 98000 रुपये प्रतिमाह अध्यक्ष को, उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लख रुपये तक चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4000 प्रतिदिन, लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000 और सत्कार भत्ता 70,000 और 55,000 प्रतिमाह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को दिया जाएगा।

**रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय :** झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत्त हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।

**झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन :** झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा। ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत और ओवरऑल 45 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारी होगा। लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय ले गया है और इससे भारत सरकार को अनुरोध किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जाएगा विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का एक चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

**वायुयान नियमावली में संशोधन :** गृह विभाग से जुड़े अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी के लिए वायुयान नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके साथ अब प्राकृतिक आपदा, नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई या निगरानी से जुड़े मामलों में अगर वायुयान की सुविधा लेनी पड़ी तो विभाग के प्रधान सचिव के अनुमति से यह सुविधा प्राप्त की जा सकेगी।

**ऐसे मिलेगा विधायकों को वेतन, भत्ता और सुविधा :** वेतन 60,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000, सत्कार भत्ता 40,000, दैनिक भत्ता राज्य के अंदर 3000, राज्य के बाहर 4000 प्रति दिन, एक लाख रुपये लगभग प्रतिमाह। विधायकों के निजी सहायक को 50,000 पर प्रतिमाह, अनु सेवक को 30,000 प्रतिमाह, कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर का प्रावधान एक लाख रुपये, सवारी भत्ता 5000 प्रतिमाह, समाचार पत्र 3000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपया चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर। पेंशन 50,000 प्रतिमाह, पेंशन में वार्षिक वृद्धि 5000 प्रतिमाह, अधिकतम दो लाख तक निजी, परिसहाय पूर्व सदस्यों को एक निजी परिसहाय हेतु 15000 प्रतिमाह देय होगा।

**समाहणालय, गढ़वा।**

**(महात्मा गाँधी नरेगा, कोशांग)**

**आवश्यक सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729, दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440, दिनांक– 17.07.2012, नियुक्ति सेवार्शत एवं कर्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848, दिनांक– 21.03.2027 के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक– 533/मनरेगा, गढ़वा दिनांक– 01.09.2023 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर ऑन–लाईन आवेदन प्राप्त किया गया। प्राप्त आवेदनों को कंप्यूटर में प्रविश्टि के उपरांत कार्यालय ज्ञापांक– 746, दिनांक– 05.12.2023 द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूची को जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया। दावा–आपत्ति निराकरण के उपरांत योग्य एवं अयोग्य आवेदनों की सूची को पुनः कार्यालय ज्ञपांक– 357, दिनांक– 07.06.2024 द्वारा जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर अपलोड किया गया एवं अंककीय/ टंककीय त्रुटि (यदि कोई हो तो) दिनांक 15.06.2024 तक सुधार कराने का अवसर प्रदान किया गया।

उक्त अवधि में प्राप्त आवेदनों के निस्तारण के उपरांत दक्षता परीक्षा में सम्मलित होने वाले अभ्यर्थियों कोटिवार सूची जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। दक्षता परीक्षा दिनांक– 25.06.2024 को राजकीय कृत गोविवन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

उप विकास आयुक्त –सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम
समन्वयक, गढ़वा।

PR 326888 Rural Development(24-25)D

**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों के लिए**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित जाता है कि लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय, प्रखण्ड स्तरीय/ जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति को को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 04 रा0 (वि0)/दिनांक 30.05.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिले को मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों के लिये नाव, गिल नेट का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जो निम्न हैं–

| क0 | सामग्री नाम | भौतिक लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | नाव की आपूर्ति (लघु शीर्ष 796 जनजातीय क्षेत्र उप योजना) | 02 | अनुमानित लागत– 33000/– सरकार द्वारा अंशदान राशि– 30000/– प्रति नाव होगी एवं शेष राशि मत्स्य जीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों के द्वारा स्वंय वहन किया जाएगा। |
| 02 | गिल नेट की आपूर्ति (लघु शीर्ष 796 जनजातीय क्षेत्र उप योजना) | 08 | प्रति लाभुक अधिकतम 05 कि0ग्रा0 गिल नेट (Fish Net Nylon Poly, Twin Size 1/3, Mesh Size 75mm - 150mm M.D 100) हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाना है। गिल नेट के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में निदेशक मत्स्य द्वारा इकाई लागत निर्धारित करने के लिए आमंत्रित "इच्छा की अभिव्यक्ति" में निर्धारित न्यूनतम दर 590/– रूपये के विरूद्व 90% आर्थिक सहायता अर्थात 2655/– रूपया दी जाएगी एवं आवश्यक शेष 10% राशि का म0जी0स0 समितियों/सदस्यों को स्वंय वहन करना होगा। |

इच्छुक मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों को नाव, गिल नेट हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 09.07.2024 के अपराह्न 4.00 बजे तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समिति के सभी कागजातों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

नोट– आवश्यकतानुसार निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रांची के द्वारा तत्संबंधी निर्गत होने वाले के दिशा निर्देश के अधीन होगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– 09.07.2024 अपराह्न 4.00 बजे तक।

आवेदन जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय,लातेहार।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

PR.NO.326884 Fish(24-25):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 02/2024-25/EE/RWD/LATEHARदिनांक : 19.06.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/STPKG-01/2024-25 | मनिका | L022 बंदुआ से बरवैया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 8.10 कि0मी0) | 1315.323 | रू0 तेरह करोड़ पन्द्रह लाख बत्तीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 09 माह |
| | | मनिका | T01 सिंजो से सेरदाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 7.30 कि0मी0) | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 01.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.07.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 326930 (REO) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 01/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 19.06.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR1/2024-25 | महुआडांड | चिरोपाट से शीशडीह तक पथ निर्माण। | 290.185 | दो करोड़ नब्बे लाख अठारह हजार पॉच सौ रूपये मात्र। | 15 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR2/2024-25 | महुआडांड | मेन रोड से भीतरा चेतमा तक पथ निर्माण। | 418.933 | चार करोड़ अठारह लाख तिरानवे हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR3/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से सेमरटोली तक पथ निर्माण। | 136.230 | एक करोड़ छत्तीस लाख तेईस हजार रूपये मात्र। | 09 माह |
| 4 | RWD/LATEHAR4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 5 | RWD/LATEHAR5/2024-25 | महुआडांड | शीशडीह से ढ़ोढाडीह तक पथ निर्माण। | 146.321 | एक करोड़ छियालीस लाख बत्तीस हजार एक सौ रूपये मात्र। | 09 माह |
| 6 | RWD/LATEHAR6/2024-25 | महुआडांड | अम्बाकोना से चिरोपाठ तक पथ निर्माण। | 388.353 | तीन करोड़ अठ्ठासी लाख पैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 7 | RWD/LATEHAR7/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से अम्बाकोना तक पथ निर्माण। | 354.548 | तीन करोड़ चौवन लाख चौवन हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 8 | RWD/LATEHAR8/2024-25 | गारू | कुजरूम मोड से यादव मोड तक पथ निर्माण। | 227.187 | दो करोड़ सत्ताईस लाख अठारह हजार सात सौ रूपये मात्र। | 12 माह |
| 9 | RWD/LATEHAR9/2024-25 | महुआडांड | अक्सी पी0डब्लू0डी0 रोड से सीमलटोली तक पथ निर्माण। | 211.332 | दो करोड़ ग्यारह लाख तैंतीस हजार दो सौ रूपये मात्र। | 12 माह |
| 10 | RWD/LATEHAR10/2024-25 | महुआडांड | सरनाडीह से फुटकलटोली तक पथ निर्माण। | 120.910 | एक करोड़ बीस लाख एकानवे हजार रूपये मात्र। | 09 माह |
| 11 | RWD/LATEHAR11/2024-25 | महुआडांड | जलजाली से जामडीह तक पथ निर्माण। | 1138.066 | ग्यारह करोड़ अड़तीस लाख छः हजार छः सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 12 | RWD/LATEHAR12/2024-25 | महुआडांड | बांसकरचा चौक से पकरीटोला तक पथ निर्माण। | 143.989 | एक करोड़ तैंतालीस लाख अन्ठानवे हजार नौ सौ रूपये मात्र। | 09 माह |
| 13 | RWD/LATEHAR13/2024-25 | महुआडांड | कुकुदपाठ से कनटासारू तक पथ निर्माण। | 458.224 | चार करोड़ अंठावन लाख बाईस हजार चार सौ रूपये मात्र। | 18 माह |
| 14 | RWD/LATEHAR14/2024-25 | चंदवा | गनियारी (मुण्डा टोली) से दालचूऑ तक पथ निर्माण कार्य। | 454.009 | चार करोड़ चौवन लाख नौ सौ रूपये मात्र। | 18 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 01.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.07.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.326926 REO(24-25):D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रिफ न्यूज

### राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले संस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद संस्थान परिसर में पौधारोपण करेंगी और पी-एंड-ओ कार्यशाला का निरीक्षण करेंगी। राष्ट्रपति क्रॉस डिसेबिलिटी शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (सीडीईआईसी) का भी दौरा करेंगी और यहां इलाज करा रहे बच्चों से मिलेंगी और उनके स्वास्थ्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी। राष्ट्रपति दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चे अपनी प्रतिभा और उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि इलाके में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा, जब सुरक्षाबलों की टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणाम स्वरूप वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ अब भी जारी है।हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं।

### लोकसभा में भाजपा अपने सांसद को ही अध्यक्ष बनायेगी

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा का अध्यक्ष भाजपा अपने सांसद को बनवाएगी। अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवार को उपाध्यक्ष बना सकती है। इंडिया गठबंधन वाले दल उपाध्यक्ष पद मांग रहे हैं, लेकिन भाजपा इसके लिए राजी नहीं हो रही है। क्योंकि उसको हर जगह टोटल अपना कंट्रोल चाहिए। अध्यक्ष पद पर भी वह उसी व्यक्ति ओम बिरला को फिर बैठाना चाहती है,जो बीते पाँच साल स्पीकर रहे हैं। उन पर विपक्षी दल वाले सत्ता पक्ष की हर तरह से तरफदारी करने का आरोप लगाते रहे हैं। वैसे तो भाजपा के सहयोगी दल टीडीपी व जदयू पहले से ही कह दिये थे कि भाजपा जिसको चाहे लोकसभा अध्यक्ष बना दे। लेकिन आपसी सहमति की खानापूर्ति करने की ज़िम्मेदारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है। अब देखना है कि पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा लोकसभा में उपाध्यक्ष किसी को बनाती है या टोटल कंट्रोल रखने के लिए अध्यक्ष से ही काम चला लेगी। जैसे बीते लोकसभा के पांच साल के दौरान हुआ। यदि सहयोगी दलों में से किसी के सांसद को उपाध्यक्ष बनाने के लिए हामी भरती है तो यह भाजपा सत्ता सर्वोच्च द्वारा कृपा किया जाना ही होगा। यदि उपाध्यक्ष बनाया गया तो वह डीटीपी का होगा। क्योंकि एनडीए में भाजपा के बाद उसी के सांसद ज्यादा हैं।

### बिहार के सीएम ने कहा, दुनिया के कई जगहों से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते थे

# ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान : नीतीश

*तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने इसे स्थापित करने की बात कही थी*

एजेंसी

**नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का बुधवार को उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे, जबकि दो हजार शिक्षक बच्चों को पढ़ाते थे। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, दुनिया की अनेक जगहों के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था।

नीतीश ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे। विधानमंडल में संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी, जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी, वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। वर्ष 2008 में जब काम शुरू हुआ, तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे।

नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। फिर विश्वविद्याल का काम धीरे-धीरे होता रहा और साल 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी, तो काम में और तेजी आई। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि नालंदा अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर है। अनेक वर्षों से इसपर ध्यान देने की आवश्यकता थी। इसको फिर एक बार उभार कर लाने की आवश्यकता थी। इसके प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है।



### नालंदा विश्वविद्यालय की खास बातें

- नया परिसर नालंदा के प्राचीन खंडहरों के पास है, जो नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम 2010 द्वारा स्थापित एक विश्वविद्यालय है। अधिनियम ने 2007 में फिलीपींस में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय को लागू किया।
- पांचवीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने वाला एक प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र था। 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा इसे नष्ट करने से पहले यह 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।
- समकालीन विवि ने 2014 में 14 छात्रों के प्रारंभिक समूह के साथ एक अस्थायी स्थल पर अपना संचालन शुरू किया और 2017 में निर्माण कार्य शुरू हुआ।
- भारत के अलावा कुल 17 देशों ने नालंदा विश्वविद्यालय को समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन देशों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं।
- विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को 137 छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। इसमें छह स्कूल शामिल हैं- बौद्ध अध्ययन स्कूल, दर्शन और तुलनात्मक धर्म, ऐतिहासिक अध्ययन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण अध्ययन और सतत विकास और प्रबंधन।
- शैक्षणिक वर्ष 2022-24, 2023-25 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों और 2023-27 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में नामांकित अंतरराष्ट्रीय छात्र अर्जेंटीना, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, घाना, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, लाइबेरिया, म्यांमार, मोजाम्बिक, नेपाल, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, सर्बिया, सिएरा लियोन, थाईलैंड, तुर्की, युगांडा, यूएसए, वियतनाम और जिम्बाब्वे सहित विभिन्न देशों से आते हैं।
- परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी संयुक्त बैठने की क्षमता लगभग 1,900 है। परिसर में दो सभागार भी हैं, जिनमें से प्रत्येक में 300 सीटें हैं। छात्रावास में 550 छात्र रह सकते हैं।
- परिसर में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र, 2,000 लोगों की क्षमता वाला एक एम्फीथिएटर, एक फैकल्टी क्लब और एक खेल परिसर शामिल हैं।
- परिसर एक 'नेट जीरो' ग्रीन कैंपस है, जिसे सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों, घरेलू और पेयजल उपचार सुविधाओं, अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए एक जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकायों और कई अन्य पर्यावरण के अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर होने के लिए डिजाइन किया गया है।

## पीएम कल जाएंगे जम्मू-कश्मीर, 21 को योग दिवस समारोह में होंगे शामिल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए 20 और 21 जून को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 21 जून को सुबह करीब 6.30 बजे प्रधानमंत्री श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) योग सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 20 जून को शाम करीब 6 बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में ह्यएम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जेएंडकेह्ल कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 1800 करोड़ रुपये की प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना (जेकेसीआईपी) भी लॉन्च करेंगे।

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित दिल्ली के केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। ड्यूटी जज न्याय बिंदु ने यह आदेश दिया। कोर्ट में अभी केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है। केजरीवाल की बुधवार न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने मुलाकात की।




नई दिल्ली में हरियाणा की पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी अपनी बेटी श्रुति चौधरी के साथ भाजपा में शामिल हुई।

### विदेश मंत्री डा.जयशंकर कल जाएंगे श्रीलंका

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर कल एक दिन की आधिकारिक श्रीलंका यात्रा पर जाएंगे। पीएम मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली समुद्री पड़ोसी देश की यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान वे श्रीलंका सरकार के शीर्ष नेतृत्व के साथ आपसी साझेदारी से जुड़े विभिन्न मसलों पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा कनेक्टिविटी परियोजनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में अन्य पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गति प्रदान करेगी। मंत्रालय के अनुसार भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की पुष्टि करते हुए यात्रा श्रीलंका के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के युवा एवं छात्र विंग ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने उन्हें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलने से रोक दिया और विरोध करने पर लाठीचार्ज किया। विंग ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की, ताकि सभी बच्चों को बराबर मौका मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि यह देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आम आदमी पार्टी छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनको न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। नीट परीक्षा में हुई धांधली का असर लाखों छात्रों पर हुआ है। इससे युवाओं और देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा।



### कनाडा की संसद ने खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर के 'सम्मान' में रखा मौन



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत की पहली वर्षगांठ पर कनाडाई संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले साल 18 जून को निज्जर की कनाडा के सरे में एक पार्किंग स्थल के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत ने निज्जर को गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 'नामित आतंकवादियों' की सूची में डाल रखा था।

## राहुल गांधी ने जन्मदिन पर कांग्रेस दफ्तर में काटा केक, खड़गे, कई नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांग्रेस दफ्तर में राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन समेत कई नेताओं की मौजूदगी में अपना बर्थडे केक काटा। राहुल गांधी ने केक काट कर सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को खिलाया। इसके बाद प्रियंका गांधी ने भाई राहुल को केक खिलाया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले राहुल गांधी के कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं और नेताओं ने फूलों से स्वागत किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, "मेरे प्यारे भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं, जिसका जीवन, ब्रह्मांड और हर चीज पर अनूठा दृष्टिकोण पथ को रोशन करता है।



**जानलेवा गर्मी** / ज्यादातर मजदूर या फुटपाथ पर रहने वाले अस्पतालों में प्रतिदिन बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के मरीज बढ़ रहे हैं

# प्रचंड जानलेवा गर्मी से दिल्ली में 24 घंटे में 33 मौत, नोएडा में 15

*बुधवार की रात 12 साल की सबसे गर्म रात रही*

- आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** उत्तर व पश्चिम भारत में इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है कि मरीजों, धूप में मजदूरी करने वालों , फुटपाथ पर रहने वालों की जान पर बन आई है। बुजुर्गों , बच्चों व हृदय, मधुमेह आदि रोगियों के लिए भी गर्मी घातक हो रही है।भीषण गर्मी व लू लगने से हर जगह से लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। दिल्ली में बुधवार को 12 साल की सबसे गर्म रात रही, न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से आठ डिग्री अधिक है। मौसम कार्यालय का कहना है कि शहर में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।प्रचंड गर्मी की इस ऐतिहासिक दौर में दिल्ली में लगातार 37 दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है।हालत यह है कि प्रचंड गर्मी ने दिल्ली में कोहराम मचा रखा है। इस गर्मी व लू से 24 घंटे में 33 लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। पुलिस के पास अभी पांच जिलों का डेटा नहीं है। ज्यादातर पुलिस उपायुक्त का कहना है कि यह फुटपाथ व रैन बसेरों में रहने वाले लोग थे। शुरूआती जांच में पुलिस इनकी मौत का कारण गर्मी ही मान रही है। हालांकि यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। लू की स्थिति से कोई राहत नहीं मिलने के कारण, दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और थकावट की शिकायत वाले मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। डॉक्टरों ने बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले मरीजों को बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है।



**बीते एक सप्ताह का अधिकतम व न्यूनतम तापमान**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 जून | 44.0 | 33.8 |
| 17 जून | 45.2 | 33.0 |
| 16 जून | 44.6 | 33.2 |
| 15 जून | 44.6 | 32.4 |
| 14 जून | 44.0 | 33.3 |
| 13 जून | 44.8 | 29.4 |
| 12 जून | 44.7 | 28.5 |

### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें

चिकित्सकों का कहना है कि बढ़ते तापमान को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता रहा है। ज्यादा देर तक गर्मी या धूप के संपर्क में रहने से हीट स्ट्रोक, बेहोशी, चक्कर आने, लो ब्लड प्रेशर, हृदय गति में असमानता जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज, हार्ट और ब्लड प्रेशर की दिक्कत रही है, उनके लिए अधिक तापमान की स्थिति के कारण जटिलताओं के और भी बढ़ने का खतरा हो सकता है।सो ऐसे लोग हर तरह से अपना बचाव करें। धूप में नहीं निकलें। दवा लेने में लापरवाही नहीं करें।

**हीट स्ट्रोक का जोखिम** : गर्मियों में हीट स्ट्रोक के मामले सबसे ज्यादा देखे जाते हैं, ये शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण होता है। हीट स्ट्रोक में तेज सिरदर्द, भ्रम, मतली, चक्कर आने, शरीर का तापमान 103त्से ऊपर होने, त्वचा लाल होने, चेतना की हानि जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कुछ स्थितियों में ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव की समस्या के कारण गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं।

**डायबिटीज रोगी बरतें सावधानी** : स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों में निर्जलीकरण होना सामान्य है। इससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ने का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा डायबिटीज की समस्या आपकी रक्त वाहिकाओं-तंत्रिकाओं को भी नुकसान पहुंचाने लगती है, इनमें पसीने की ग्रंथियों की तंत्रिकाएं भी शामिल हैं। इन स्थितियों में हीटवेव की समस्या शरीर को ठंडा रखने के तंत्र को भी प्रभावित कर देती है। डायबिटीज के ऐसे रोगी जिनको न्यूरोपैथी की दिक्कत (डायबिटीज न्यूरोपैथी) रही है उन्हें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

**इसके अलावा**

- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आपको प्यास न लगी हो तब भी थोड़ी - थोड़ी देर पर थोड़ा पानी पीते रहें।
- गन्ना का जूस ,गुड़ का शरबत नींबू डालकर , आम का पन्ना, नारियल पानी, पतला घोल वाला सत्तू जैसे तरल पदार्थों का खूब सेवन करें।
- दोपहर में घर से निकलने से बचें।
- धूप में कड़ी मेहनत करने से बचें।
- धूप से बचने के लिए छाता, तौलिया, हैट का इस्तेमाल करें।
- अचानक ठंडे से गर्म तापमान में या गर्म से ठंडे तापमान में न जाएं।
- हल्के रंग के पतले, ढीले और सूती कपड़े पहनें।
- ककड़ी , खीरा, तरबूज,खरबूज खायें।
- सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है।
- पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।
- दिन में 11 बजे से साढ़े तीन बजे तक घर से बाहर जाने से बचें।

**क्या न करें?**

1. गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें।
2. शराब- काबोर्नेटेड ड्रिंक्स के सेवन से बचें।